पटना ● मंगलवार, 21 मई 2024 | मूल्य: 5:00, पृष्ठ: 8 | वर्ष: 5, अंक: 134 | www. bordernewsmirror@gmail.com ☎ 9471060219, 9470050309

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



हल्की बारिश में ही जलमग्न... 3 | www. bordernewsmirror.com | कार्तिक आर्यन की चंदू ... 8

## गैंगरेप कर बच्ची को जिंदा जलाने वालों को फांसी

**शाहपुरा (भीलवाड़ा) (एजेंसी)।** राजस्थान में शाहपुरा जिले के कोटड़ी में 14 साल की बच्ची से गैंगरेप कर जिंदा जलाने वालों को फांसी की सजा सुनाई गई है। इस बहुचर्चित मामले में सोमवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट–2 ने फैसला सुनाया, जिसमें दोनों दोषियों कालू और कान्हा को मौत की सजा दी है। जज ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर माना।



इससे पहले शनिवार 18 मई को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने कालू और कान्हा को दोषी करार दिया था, जबकि सात आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट में पीड़ित के माता–पिता भी मौजूद थे।

## पेट में दर्द होने पर हुआ चौंकाने वाला खुलासा

● मां के घर पर नहीं रहने पर नाबालिग सगी बहन से भाई करते थे दुष्कर्म

**गाजियाबाद (एझेंसी)।** गाजियाबाद में दो भाइयों को अपनी नाबालिग सगी बहन के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद के टीला मोड़ थाना में पीड़िता की मां की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दोनों भाइयों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार, दोनों भाइयों ने आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी 14 वर्षीय बहन के साथ दुष्कर्म किया। वे दोनों पिछले साल से उसका यौन शोषण कर रहे थे, जिससे वह गर्भवती हो गयी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को किशोरी के पेट में दर्द होने पर उसकी मां उसे जांच के लिए दिल्ली के एक डायग्नोस्टिक सेंटर ले गई और जांच रिपोर्ट में उसके गर्भवती होने का पता चला। शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता की मां के घर पर नहीं रहने पर उसके सगे भाई उसके साथ दुष्कर्म किया करते थे। उन्होंने बताया कि दोनों भाइयों ने पीड़िता को धमकी दी थी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो वे उसे जान से मार देंगे। एसीपी ने कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबद्ध धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

**आबकारी नीति मामला**

## केजरीवाल के खिलाफ फिर कोर्ट पहुंची ईडी

### मांगी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक जून तक के मिली अंतरिम जमानत पर तिहाड़ से बाहर आए हैं। ऐसे में उनकी अंतरिम जमानत पूरी होने से पहले ही



ईडी ने दिल्ली कोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें ईडी ने कहा है कि 2 जून के बाद अरविंद केजरीवाल की हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी जाए। दरअसल आज अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। इसलिए ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका डाली है। कोर्ट ने भी ईडी से इस न्यायिक हिरासत की याचिका पर सवाल पूछा तो ईडी ने कहा कि ये याचिका उस वक्त कि ले जब वो आत्मसमर्पण करेंगे।

**उ.प्र.समेत 4 राज्यों में आज सीवियर हीटवेव की चेतावनी**

# दिल्ली में तापमान 47.8 डिग्री, केरल-तमिलनाडु में 2 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में आज सीवियर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी आज लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात में तापमान 43 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। रविवार को दिल्ली के नजफगढ़ में तापमान सबसे ज्यादा 47.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इन राज्यों में आने वाले दिनों में तापमान के गिरावट की संभावना कम है।



उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। आज से तीन दिन तक केरल और तमिलनाडु में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कर्नाटक और पुडुचेरी में आज से दो दिन के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में रविवार को भी भारी बारिश देखने को मिली थी।

**मौसम का अनुमान**

● 21 मई : 13 राज्यों में हीटवेव, 5 राज्यों में बारिश ● तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, लक्षद्वीप, निकोबार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में तेज बारिश होगी। ● पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा में हीटवेव का अलर्ट गोवा में उमसभरी गर्मी होगी।

## गुजरात में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

● एटीएस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से आईएसआईएस के चार आतंकी दबोचे



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने सोमवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट से आईएसआईएस के 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक, इन चारों लोगों को केंद्रीय एजेंसी से मिले इनपुट के आधार पर अरेस्ट किया गया है। चारों मूल रूप से श्रीलंका के रहने वाले हैं। चारों किस मकसद से अहमदाबाद आए थे और किन-किन लोगों के संपर्क में थे। एटीएस इसकी जांच में जुटी है।

## स्पेन और पुर्तगाल से गुजरा विशालकाय उल्कापिंड, रात में नीली रोशनी से चमक उठा आसमान

**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन और पुर्तगाल में रात के दौरान आसमान में उठी नीली रोशनी ने लोगों को हैरान कर दिया। ये रोशनी इतनी तेज थी कि पूरा आसमान जगमगा उठा। उल्कापिंड के इस शानदार और आश्चर्यजनक नजारे को कई लोगों ने अपने कैमरे पर कैद किया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। उल्कापिंड को कई एंगल से



कैमरे में कैद किया गया है, लेकिन इन सबमें एक बात कॉमन है और वो है चमकीली नीली रोशनी, जिसने गायब होने से पहले पूरे आसमान को रोशन कर दिया। कई यूजर ने एक्स पर उल्कापिंड के आसमान में तेजी से जाते हुए वीडियो को शेयर किया है।

एक वीडियो में महिला सड़क के किनारे खड़ी है तभी उसके ऊपर से आसमान में तेज रोशनी गुजरती है। एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कोलिन रग नाम के एक यूजर ने कहा, अभी-अभी स्पेन और पुर्तगाल के आसमान में उल्कापिंड देखा गया। ये हैरतअंगेज है। शुरुआती रिपोर्ट बताती हैं कि आसमान में रात के दौरान सैकड़ों किलोमीटर लंबी चमक को देखा गया है।

# ईरान के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन

**अमेरिका-इजराइल से तनाव के बीच वाइस प्रेसिडेंट मुखबेर अंतरिम राष्ट्रपति बने**

### बाघेरी कनी नए विदेश मंत्री

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ईरना ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। अजरबैजान से लौटते समय उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 9 लोग मारे गए।

मध्य पूर्व एशिया के शिया बहुल देश ईरान ने अपने दो नेताओं को उस समय खोया है, जब इजराइल के साथ उसके रिश्ते टकराव की सीमा तक बिगड़ गए हैं। वहीं अमेरिका-ईरान के संबंधों में भी तनाव हैं। ऐसे में उपराष्ट्रपति







मोहम्मद मुखबेर को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई ने सोमवार को यह ऐलान किया। उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर को हेड ऑफ स्टेट नियुक्त किया गया है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह खामेनेई ने सोमवार को इसका ऐलान किया।

# पांचवें चरण में 5 बजे तक 56.68 प्रतिशत मतदान

● 8 राज्यों की 49 सीटों पर मतदान संपन्न ● मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार ● बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े ● जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड तोड़ मतदान



**नई दिल्ली/लखनऊ/मुंबई/श्रीनगर (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। सबसे अच्छा संकेत यह है कि जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड तोड़ मतदान हुआ। बारामुला और पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक मतदान हुआ है औ महाराष्ट्र में सबसे कम मतदान हुआ है।

**लाइन में लग ऐश्वर्या राय ने डाला वोट, तो जया का हाथ थामे दिखे अमिताभ बच्चन**



दोपहर 5 बजे तक 56.68 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 62.72 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 38.77 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 48.95 प्रतिशत, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 53.82 प्रतिशत और लखनऊ ईस्ट सीट पर 42.53 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान एक जवान की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी ईवीएम रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जया-अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय,गुलजार, सुभाष घई, अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, मनोज वाजपेयी के अलावा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बसपा सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। आज की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों

**छत्तीसगढ़ के कवर्धा में बड़ा हादसा**

## पिकअप खाई में गिरने से 18 मजदूरों की मौत, 4 घायल

### तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे थे सभी मजदूर

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाले सभी मजदूर थे और तेंदूपत्ता तोड़कर लौटकर रहे थे तभी हादसा हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, तेंदूपत्ता तोड़कर सभी मजदूर एक पिरअप से वापस लौट रहे थे लेकिन पिकअप नियंत्रित होकर पलट गया जिस कारण से यह हादसा हुआ।



# इंदौर में मल्टीनेशनल कंपनी के वर्कर को नींद में साइलेंट अटैक, मौत

**पिता बोले- हेल्थ कॉन्शियस था बेटा, लंच में मां पराठे बांधती तो मना कर देता था**

**उज्जैन (एजेंसी)।** इंदौर की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले अनिमेश दुबे (25) की नींद में साइलेंट अटैक आने के बाद मौत हो गई। वे 15 मिनट में दो बार अस्पताल गए। एक बार अकेले, दूसरी बार परिजन और दोस्त उन्हें अस्पताल ले गए। अनिमेश (घर का नाम अमितेश) उज्जैन के रहने वाले थे।

अनिमेश के पिता शैलेश दुबे संस्कृत महाविद्यालय के ऑफिस में पदस्थ हैं। उनके परिवार में माता-पिता और एक बड़े भाई हैं। अनिमेश पूरी तरह स्वस्थ थे। पहले से किसी तरह की कोई बीमारी भी नहीं थी।

वे क्रिकेट खेला करते थे। हेल्थ कॉन्शियस इतने थे कि ऑफिस ले जाने के लिए मां अगर लंच में पराठे बनातीं तो मना कर देते थे। कहते थे कि सब्जी - रोटी बांध दो। पिता का कहना है कि वे सिगरेट, तम्बाकू, पान - गुटखा तक नहीं खाते थे। सात्विक जीवन जीते थे। ऑफिस के लिए सुबह 7.30 बजे उठते।



नानाखेड़ा से कार हायर कर रखी थी। यहां से अपने कलीग्स के साथ इंदौर से अप-डाउन किया करते थे। शनिवार को छुट्टी होने पर अनिमेश घर पर थे। अनिमेश ने इंदौर से एमबीए किया था, इसके बाद वहीं एक मल्टीनेशनल कंपनी में 3 साल से जॉब कर रहे थे।

मेरा मन नहीं माना, उससे दूसरी बार कहा- डॉक्टर को दिखा आना...

अनिमेश छोटा बेटा था। इंदौर से एमबीए की पढ़ाई की। वहां 3 साल से नौकरी कर रहा था। रोज सुबह इंदौर के लिए 8.30 बजे निकलकर रात को 9.30 बजे तक घर आता था। उसे कोई बीमारी नहीं थी। निधन से एक दिन पहले ही कंपनी के किसी साथी की फेयरवेल पार्टी अटेंड की थी।

शनिवार के दिन छुट्टी रहती है, इसलिए हमने उसे जल्दी नहीं जगाया। वह 10 बजे उठा, दो गिलास पानी पीया, चाय पी, फ्रेश होने गया, फिर नीचे आकर चाय पी, इसे बाद नहाने चला गया। उसकी मां खाना बना रही थीं। उन्होंने उससे कहा कि बेटा आज तुम पूजा कर लो, फिर अपन एक साथ खाना खाएंगे। दोपहर 1 बजे का समय होगा। मैं ऑफिस के लिए निकल रहा था। उसने मां को कहा कि मेरे पेट में गैस हो रही है। मैंने उससे कहा कि फैमिली डॉक्टर को जरूर दिखा आना। मेरा मन नहीं माना, मैंने उसे दूसरी बार फिर बोला कि डॉक्टर के पास चले जाना। बोला- पापा, मैं चला जाऊंगा, आप जाओ...।

वह अकेले गाड़ी चलाकर हमारे फैमिली डॉक्टर के पास गया। डॉक्टर ने सारी जांच की, पल्स, बीपी... सब नॉर्मल था। वह एसीलॉक इंजेक्शन लगवाकर घर आ गया। घर आकर उसने सबसे बातें की और फिर जाकर सो गया, तभी अचानक उसे अटैक आ गया।

## एसिडिटी और अटैक के दर्द के बीच अंतर समझना जरूरी

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग ने बताया कि आजकल दिल के दौरे के 30 प्रतिशत मामले 35 साल से कम उम्र के लोगों के आ रहे हैं। इनमें 5 प्रतिशत लोगों की अचानक मौत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण बिगड़ती दिनचर्या है। तला खाना, फास्ट फूड का चलन है और साथ ही तंबाकू, सिगरेट आदि नशीले पदार्थ हैं। अटैक आता अचानक है, लेकिन इसकी शुरुआत बहुत पहले से होने लगती है। एक दिन अचानक ब्लॉकेज होने से धड़कन बंद हो जाती है। मरीज एसिडिटी और हार्ट अटैक के दर्द में अंतर नहीं कर पाते। पूरी छाती में दर्द हो, मुंह में खट्टापन लगे, दांया–बांया किसी भी हाथ तक दर्द पहुंच जाए या छाती में दिल के दौरे वाला दर्द होता है। ऐसे लक्षण दिखने पर सबसे पहले आधी डिस्प्रिन की गोली पानी में घोल कर पी लें और तुरंत डॉक्टर के पास जाकर थक्का घोलने वाला इंजेक्शन लगवाएं। ऐसे लक्षण दिखने पर ध्यान रखें कि अगर एक ईसीजी में कुछ नहीं आया तो स्पष्ट परिणाम के लिए 6 घंटे में एक और ईसीजी जांच जरूर करवाएं।

# अनंत सिंह की पैरोल खत्म, देर रात बेऊर जेल पहुंचे

**सोशल मीडिया पर लिखा- समर्थकों से वादा है बहुत जल्द लौटेंगे**



**पटना, एजेंसी।** मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की पैरोल 19 मई की रात खत्म हो गई। देर रात अनंत सिंह फिर बेऊर जेल पहुंचे। उन्हें 15 दिनों के पैरोल की मिली थी। जिसके बाद अनंत सिंह 5 मई को जेल से बाहर आए थे। प्रॉपर्टी में बंटवारा कराए जाने का हवाला दिया था। इसी आधार पर राज्य के गृह विभाग ने उन्हें पैरोल पर जेल से बाहर आने की इजाजत दी थी। जो 19 मई की रात पूरी हो गई। पैरोल का समय पूरा होने के कारण वे वापस जेल पहुंचे। वहीं, जेल जाने से पहले अनंत सिंह ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें लिखा है- सौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें, आगे क्या होता है। आप समस्त जनता मालिक, समर्थकों से वादा है बहुत जल्द लौटेंगे।

**देर रात बेऊर जेल पहुंचे अनंत सिंह :** अनंत सिंह के वकील सुनील सिंह और जेल प्रशासन के अनुसार 20 मई को उन्हें जेल प्रशासन के पास पहुंचना था। उन्हें खुद समर्पण करना था। पैरोल के तहत वापसी का एक समय तय होता है। जेल प्रशासन के अनुसार हर दिन सुबह 5 बजे कैदियों की गिनती होती है। अनंत सिंह को उसके पहले पहुंचना था। वे देर रात ही जेल पहुंच गए।

**दो केस में मिल चुकी है 10-10 साल की सजा :** 2022 में एक महीने के अंतराल पर अनंत सिंह को पटना के कोर्ट की तरफ से दो अलग-अलग केस में 10-10 साल की सजा मिल चुकी है। 21 जून 2022 स्पेशल जज त्रिलोकी दुबे के इसी कोर्ट ने बाढ़ में गांव वाले घर से बरामद हथियार-एके-47 के केस में अनंत सिंह को 10 साल की ही सजा दी थी। इसी सजा के बाद अनंत सिंह की विधायकी भी चली गई थी। विधानसभा से उनकी सदस्यता को खत्म कर दिया गया था। इसके ठीक एक महीने बाद 21 जुलाई 2022 को पटना के सचिवालय थाना में दर्ज 2015 के केस में भी उन्हें 10 साल की सजा दी गई थी। यह केस सरकारी आवास से अत्याधुनिक हथियार इंसास के 6 खाली मैगजीन और एक बुलेट प्रूफ जैकेट की बरामदगी का था। जिसमें 7 साल बाद उन्हें सजा मिली थी।

**किडनी की है बीमारी :** वैसे अनंत सिंह बीमार भी रहते हैं। उन्हें किडनी की बीमारी है। वो काफी समय से इस बीमारी से जूझ रहे हैं। मेडिकल टेस्ट में क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया था। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर उन्हें बेऊर जेल से आईजीआईएमएस में एडमिट कराया गया था। हालांकि, वो खतरे से बाहर हैं।

### आनंद मोहन को 3 बार मिली थी पैरोल

गोपालगंज के पूर्व डीएम जी कृष्णैया हत्या मामले में शिवहर के पूर्व सांसद व बाहुबली नेता आनंद मोहन सहरसा जेल में बंद थे। कोर्ट ने उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई थी। मगर, जेल नियमों में बदलाव कर राज्य सरकार ने उन्हें पिछले साल रिहा कर दिया था। हालांकि, रिहाई से पहले महज 6 महीने में आनंद मोहन को तीन बार पैरोल मिली थी।

पहली बार आनंद मोहन बेटी सुरभि आनंद की सगाई पर 5 नवंबर 2022 को पैरोल पर बाहर आए थे। फिर 21 नवंबर को पैरोल खत्म होते ही वह जेल चले गए थे। दूसरी बार बेटी की शादी पर 5 फरवरी 2023 को बाहर आए थे।

सुरभि आनंद की शादी 15 फरवरी 2023 को हुई थी। इसके बाद 21 फरवरी को पैरोल खत्म होते ही वह जेल चले गए। फिर पिछले साल ही तीसरी बार 10 अप्रैल को वो पैरोल पर आए थे। तब विधायक बेटे चेतन आनंद का उपनयन और सगाई का मौका था।

## इस बार का चुनाव भारत की अस्मिता बचाने का है : मांझी



**सरैया , एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव देश की अस्मिता बचाने का है। विरोधियों का कहना है कि एनडीए को 400 से अधिक सीटें आ जायेंगी तो मोदी सरकार संविधान व आरक्षण में बदलाव कर देगी। 400 पार सीट का आह्वान इसलिए किया जा रहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का हिस्सा बनाया जा सके। वे रविवार को वैशाली लोकसभा क्षेत्र के जैतपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में लोजपा (आर) की उम्मीदवार वीणा देवी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीएम मोदी के हाथ को मजबूत करने के लिए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने के लिए कहा।

**देश की दशा और दिशा को बदलने वाला है चुनाव -शाहनवाज :** भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह चुनाव देश की दशा और दिशा को बदलने वाला है। हर-हर मोदी घर-घर मोदी के नारे को बुलंद करते हुए एक बार फिर से वीणा देवी को वोट देकर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करें, ताकि सभी जाति, धर्म के लोगों के बीच बिना किसी भेदभाव के एक समान योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

### एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें -उमेश

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि राजद के लोक लुभावन वायदे की अनदेखी कर एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में 25 मई को मतदान करें। सभा में पारू विधायक अशोक कुमार सिंह, साहेबगंज विधायक डॉ. राजू सिंह, एनडीए प्रत्याशी वीणा देवी की पुत्री कोमल सिंह, प्रखंड जदयू अध्यक्ष प्रद्युम्न कुशवाहा, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुनील द्विवेदी, बालेंद्र सिंह, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमचंद कुशवाहा, अजय सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने मालगाड़ी पर की पत्थरबाजी, गार्ड जख्मी

**शेखपुरा, एजेंसी।** दानापुर रेल मंडल के अधीन पड़ने वाले किऊल-गया रेलखंड से होकर गुजर रहे एक मालगाड़ी के ऊपर पथराव कर बदमाशों ने मालगाड़ी के गार्ड को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना में घायल गार्ड को सिरारी रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी पुलिस ने इलाज के लिए स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल रेलवे गार्ड की पहचान नालंदा जिले के नीरपुर गांव निवासी 35 वर्षीय मनीष कुमार के रूप में की गई। इस बाबत रेल थाना शेखपुरा के थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि मालगाड़ी गया रेलवे जंक्शन से लखीसराय की ओर जा रही थी। तभी जिले के मानपुर और पैगंबरपुर रेलवे हाल्ट के बीच कुछ युवक अचानक मालगाड़ी के ऊपर पथराव करना शुरू कर दिया। पथराव में रेलवे गार्ड बूरी तरह घायल हो गए। घायल गार्ड को बाद में बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के संबंध में आरपीएफ किऊल में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें 2 अज्ञात युवकों को अभियुक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आरपीएफ किऊल के पुलिस इंस्पेक्टर और जीआरपी शेखपुरा के संयुक्त तत्वाधान में घटना में शामिल बदमाशों की तलाश में पैगंबरपुर गांव में छापेमारी की गई। लेकिन किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### पप्पू यादव ने किया बसपा उम्मीदवार अनिल चौधरी का समर्थन



**बक्सर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी के नेता अनिल चौधरी के पक्ष में अब पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी आ गए है। उन्होंने आज पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके साथी और कार्यकर्ता बक्सर में बसपा उम्मीदवार अनिल चौधरी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि जो प्रत्याशी एनडीए को हराने के काबिल होगा। हम और हमारे साथी उनके लिए प्रचार करेंगे और वोट मांगेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि हमारा मकसद इंडिया एलाइंस को मजबूत करना है और केंद्र की सत्ता में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि अनिल चौधरी एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता हैं और वह समझ में रहकर लोगों के लिए काम करते हैं। इसलिए हमारी पार्टी में लिया है कि बक्सर में हम उनका समर्थन करेंगे। बता दें कि पप्पू यादव के यह बयान बक्सर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि बक्सर में नामांकन से पहले ही निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान द्वारा यह कहा जा रहा था की उनको पप्पू यादव का समर्थन मिला है। वो बहुत जल्द मेरे लिए प्रचार करने के लिए बक्सर पहुंचेंगे। हालंकि पूर्व सांसद पप्पू यादव ने साफ कर दिया है। बक्सर में उनके लोग और वो बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी के लिए प्रचार करेंगे।

### कुढ़नी में वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर-हाजीपुर एनएच 22 स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार को वाहन ने साइकिल सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह ढोढ़ी के चक्रधर ठाकुर का पुत्र लड्डू कुमार (30) था। सूचना पर पहुंची फकुली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। फकुली थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि रविवार को करीब 2-45 बजे लड्डू साइकिल से रजला गया था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि लड्डू बाहर रहकर मजदूरी करता था। रविवार सुबह वह गांव आया था। घर के काम से वह रजला गया था। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक की मौत से परिजनों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## महिलाये स्वरोजगार कर बने आत्मनिर्भर : एस पी बागरिया

**गया, एजेंसी।** महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने। इसके लिए इन महिलायों को सिलाई मशीन दिया जा रहा है। रोटरी गया सिटी के सदस्य छोटे से बड़े सामाजिक कार्यो को सफलता पूर्वक कर रहे है। उक्त बाते रविवार को एपीआई भवन में रोटरी 3250 के डिस्ट्रीक गर्वनर एसपी बागरिया ने कहा। इस दौरान छह महिलायों को सिलाई मशीन दिया गया है। रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया ने आये हुये डीजी व पूर्व डीजी का स्वागत करते हुये कहा कि आपलोग इस उम्र में जिस उत्साह से कार्य करते है वह हमलोगों के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान रोटरी गया सिटी की डिस्ट्रीक गर्वनर की ओर से 11 तीरंदाजों को साइकिल दिया गया। वहीं रोटेरियन डा. रतन कुमार के पहल पर कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. नवीन कुमार ने 20 हजार रुपये मगध आरर्ची के कोच को आरर्ची में सहयोग के लिए दिया। क्लब की ओर से एक दिव्यांग को व्हील चेयर भी दिया गया। इस मौके पर पूर्व डीजी संजीव ठाकुर ने कहा कि क्लब बेसिक शिक्षा, आर्थिक विकास, पीने का पानी, स्वास्थ्य व स्वच्छता इस क्षेत्र में कार्य करती है। मौके पर अरविंद कुमार सिन्हा, कांतेश कुमार सिन्हा, रोटेरियन एम एन अंजूम, डा. अमिता सिन्हा, कंचन वर्मा, किरण प्रकाश, निशात कुमार, पुनित खेतान व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## कारोबारी के घर से 94 लाख कैश जब्त, नोट गिनने की मशीन भी बरामद

**पूर्वी चंपारण , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सुरक्षा जांच अभियान में पूर्वी चंपारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर एक मिट्ठा कारोबारी ध्रुव गुप्ता के ठिकाने से ये रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस को नोट गिनने की एक मशीन भी मिली है। कैश को एक झोले में भरकर रखा गया था। इनमें 34 लाख 34 हजार भारतीय रुपए हैं जबकि शेष करीब साठ लाख नेपाली करेंसी है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के बीच जब्त रुपए की जांच की गई।दो लोगों को पूछताछ के आधार पर हिरासत में लिया गया है। हवाला कारोबार से जुड़ा मामला बताया जा रहा है।

मोतिहारी एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा को एक दिन पहले इसकी गुप्त सूचना मिली थी। सत्यापन के बाद एसपी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। काफी सावधानी से कारोबारी ध्रुव गुप्ता के रक्सौल थाना अंतर्गत नाग रोड स्थित मकान पर रविवार को छापेमारी की गई। पुलिस उस समय दंग रह गई जब एक



झोले में एक साथ 94 लख रुपए कैश मिले। मौके से नोट गिरने की मशीन भी बरामद की गयी। कारोबारी से पूछताछ के क्रम में संतोषजनक उत्तर नहीं मिला उसके बाद रुपए को जब्त कर लिया गया।



इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।म लोकसभा में निर्वाचन 2024 को लेकर पुलिस का अभियान पहले से जारी है। इसी दौरान यह गुप्त सूचना मिली थी। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पैसों की गिनती कराई गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि इस कैश का लोकसभा चुनाव के साथ क्या ताल्लुक है। कहीं चुनाव प्रभावित करने के लिए इनका इस्तेमाल तो नहीं किया जाना था। जब्त कैश का इंटरनेशनल कनेक्शन खंगाला जा रहा है क्योंकि भारी मात्रा में नेपाली कैश भी जब्त किए गए हैं।

इस कैश जब्ती के बाद इलाके में लगातार पुलिस छापेमारी जारी है। सदर एएसपी के नेतृत्व में यह कार्रवाई चल रही है। रक्सौल के नाला रोड में पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने इंडियन व नेपाली रुपया बरामद किया है। पूर्वी चंपारण जिले के एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने 94 लाख कैश जब्त होने की पुष्टि की है और कहा है कि इस मामले में हिरासत में लिए गये लोगों से पूछताछ जारी है, रकम बढ़ भी सकती है। एसपी ने कहा कि पहली नजर में ये हवाला कारोबार से जुड़ा हुआ मामला लग रहा है।

## बांग्लादेश के सांसद भारत में लापता ! मुजफ्फरपुर में मिली आखिरी लोकेशन, बेटी ने लगाई मदद की गुहार

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बांग्लादेश के एक सांसद अनवारुल अजीम अनार भारत आने के दौरान लापता हो गए हैं। उनकी आखिरी लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिली है। जिसके बाद से सांसद का परिवार टेंशन में हैं। और उनकी बेटी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूस शाखा (डीबी) से मदद की गुहार लगाई है। बांग्लादेश के जेनैदाह-4 निर्वाचन क्षेत्र से अनवारुल अजीम अनार तीसरी बार सांसद चुने गए है।

अपने पिता अनवारुल अजीम के लापता होने की खबर उनकी बेटी मुमतरीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। और ढाका पुलिस से मदद मांगी है। बताया जा रहा है कि इलाज के लिए भारत जाने के दौरान सांसद अनवारुल अजीम लापता हो गए। इस मामले पर उनकी बेटी ने डीबी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हारुन-या-रशीद से मुलाकात की। डीबी पुलिस ने अपने बयान में कहा कि वे सांसद अजीम को खोजने के लिए भारतीय पुलिस के साथ काम कर रहे हैं।

डीबी चीफ हारून ने बताया कि उनके भारतीय मोबाइल फोन नंबर का अंतिम



लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिली है। सांसद अनवारुल अजीम 12 मई को दर्शना-गेडे सीमा के जरिए भारत में दाखिल हुए थे। वहां गोपाल नाम के व्यक्ति के घर रुके। अगले दिन, वो नाश्ता करने के बाद घर से निकल गए। उन्हें शाम को घर लौटना था, लेकिन वो लौटे नहीं। यही नहीं 16 मई की सुबह, सांसद के दो मोबाइल फोन नंबरों से डीबी प्रमुख और जेनाइदाह जिला अवामी लीग के महासचिव सईदुल करीम मिंटू के फोन पर एक फोन कॉल किया गया था। लेकिन उनमें से कोई भी कॉल रिसीव नहीं कर पाया। डीबी प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्होंने अजीम के लापता होने पर भारतीय विशेष कार्य बल से संपर्क किया है। वे इस मुद्दे पर मिलकर काम कर रहे हैं। सुनने की समस्या के इलाज के लिए अनवारुल अजीम भारत गए थे। आमतौर पर उनका एक कान बंद रहता है। वो अक्सर इलाज के लिए भारत आते रहते हैं। वहीं सांसद की बेटी का कहना है कि हम पिछले तीन दिनों से अपने पिता से फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। कभी-कभी फोन चालू होता है और कभी-कभी बंद रहता है। और अब जल्द मैं भारत जाने की योजना बना रही हैं। सांसद अनवारुल का परिवार इस मामले में डीबी के अलावा प्रधान मंत्री कार्यालय से संपर्क भी कर चुका है। सांसद की बेटी मुमतरीन ने बताया कि प्रधान मंत्री इस मामले को देख रहे हैं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है। मेरे पिता तीन बार निर्वाचित सांसद हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री उन्हें पसंद करते हैं। फिलहाल उनकी तलाश जारी है।

## लू की चपेट में आधा बिहार, 16 जिलों में बारिश के आसार

**पटना , एजेंसी।** बिहार के दक्षिण-पूर्वी भाग से होते हुए तराई वाले 16 जिलों के एक-दो स्थानों पर सोमवार को गरज के साथ छीटें पड़ने के आसार हैं। वहीं पटना सहित प्रदेश के शेष भागों का जिला लू या उमस भरी गर्मी की चपेट में रहेगा। सूबे में पिछले कुछ दिनों से नमीयुक्त पुरवा और नमीमुक्त पछुआ का प्रवाह जारी है। इसके मिश्रण से जब हवा आसमान में उठती है तो बादल के रूप में परिणत हो जाती है। यह थंडरस्टॉर्म की गतिविधि को बनाता है। इसी कारण बादल बनने वाली जगहों पर गरज के साथ छीटें पड़ते हैं। रविवार को पटना सहित प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट आई। इस कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। 30 शहरों के अधिकतम तापमान में 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। वहीं पांच शहरों के अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 44.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भाग के भागलपुर, बांका, पूर्णिया, मधेपुरा, कटिहार और तराई वाले जिले मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज, मधुबनी, सुपौल के साथ ही मुजफ्फरपुर, वैशाली में गरज के साथ छीटें पड़ने के आसार हैं। राजधानी के अधिकतम तापमान में रविवार को गिरावट आने के कारण शहर वासियों



को आंशिक रूप से गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। राजधानी का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पटना में सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण लोगों ने राहत महसूस की।

हालांकि दोपहर में सूर्य की रोशनी तेज होने के कारण लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा था। रविवार को 44.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर और 44.3 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद भीषण गर्मी की चपेट में रहा। वहीं डेहरी 43.2, अरवल 43.6, शेखपुरा 42.1, भोजपुर 42.3 और नवादा 42.8 डिग्री सेल्सियस के साथ लू की चपेट में रहा। 15 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा।

# बिहार में जमीन खरीद-बिक्री का बदला नियम, नई पीढ़ी बेच पाएगी पुरखों की जमीन



**रजिस्ट्री में नहीं होगी परेशानी**

**पटना, एजेंसी।** बिहार में जमीन की रजिस्ट्री में जमाबंदी की अनिवार्यता को सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसला के बाद राज्य सरकार ने भी तत्काल खत्म कर दिया है. शुक्रवार की शाम मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की तरफ से इसका पत्र जारी कर दिया गया है. पत्र विभाग के सहायक निबंधन महानिरीक्षक सुशील कुमार सुमन ने जारी किया है.

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले का करना है पालन :** जारी पत्र में सभी जिलाधिकारी, जिला अवर निबंधक व अवर निबंधक को निर्देशित किया गया है सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पटना हाइकोर्ट के फैसला के खिलाफ सुनवाई करते हुए 13 मई को जो आदेश पारित किया गया है. इसका शत प्रतिशत पालन करते हुए जमीन दस्तावेजों की रजिस्ट्री करना है.

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाया स्टे :** बता दें कि पटना हाइकोर्ट ने 06 फरवरी को सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि जिनके नाम जमाबंदी रहेगी. वह व्यक्ति ही जमीन की रजिस्ट्री कर सकते हैं. ऐसे में दादा व पिता के नाम की जमाबंदी वाले जमीन की बिक्री बेटे व पोते नहीं कर सकते थे. इसको लेकर कई लोग सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर कर दिया, जिसकी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के आदेश पर स्टे लगाते हुए अंतिम सुनवाई के लिए 24 सितंबर, 2024 की तिथि तय की है.

### 70 फीसदी तक कम गयी है जमीन की रजिस्ट्री

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि जमीन की रजिस्ट्री के लिए जमाबंदी होनी जरूरी है. अब बिहार में बगैर जमाबंदी के भी जमीन की रजिस्ट्री हो सकती है. दरअसल, जब से हाइकोर्ट का नया आदेश जारी हुआ था तभी से संपत्तियों की रजिस्ट्री में लगातार कमी देखी जा रही थी. इसके खिलाफ कातिबों के अलावा आम पब्लिक की तरफ से भी एक साथ कई अपील याचिका सुप्रीम कोर्ट में फाइल की गयी थी.

### 10 अक्तूबर, 2019 को पहली बार लागू हुआ था नियम

जमीन रजिस्ट्री में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए राज्य सरकार ने पहली बार 10 अक्तूबर, 2019 को नियम लागू किया था. तब इसके खिलाफ कई याचिका हाईकोर्ट में दायर की गयी. कोर्ट ने 15 दिनों के भीतर ही 25 अक्तूबर को सरकार के फैसला पर रोक लगा दिया. तब से चल रही मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 09 फरवरी, 2024 को सरकार के फैसला को सही करार देते हुए इसे लागू करने का आदेश दिया. इसके बाद सरकार ने 22 फरवरी को पत्र जारी कर इसे लागू किया था.

STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ


# हल्की बारिश में ही जलमग्न हुआ सुगौली नगर पंचायत

## वर्षा जल निकासी के लिए लाखों रुपए की लागत से बने नाले साबित हो रहे हैं सफेद हाथी

बीएनएम। सुगौली

भीषण गर्मी से परेशान जन-जीवन को सोमवार को हुई हल्की बारिश ने एक तरफ जहां थोड़ी सी राहत तो दे दी है। वहीं नगर पंचायत के कई सड़कों पर जलजमाव के कारण पैदल सहित दो पहिए वाहनों का चलना मुहाल हो गया है। नगर पंचायत की खस्ताहाल जर्जर सड़कें और उस पर से बारिश की पानी का जमाव कब दुर्घटना का सबब बन जाएगा, कहा नहीं जा सकता।नगर पंचायत स्थित रेलवे स्टेशन से लाल मदरसा तक की सड़क जलजमाव में गुम हो गई है। जिससे रेल से उतर कर अपने गंतव्य स्थानों को जाने वाले यात्रियों को भारी फजीहतों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ रेल से देश के विभिन्न हिस्सों से नेपाल जाने वाले पर्यटक भी नगर पंचायत की सड़कों की नारकीय स्थिति देख हतप्रभ हैं। गौरतलब है कि देश के विभिन्न हिस्सों से नेपाल जाने वाले पर्यटक रेल से सुगौली स्टेशन उतरते हैं और स्थानीय चौक चौराहों से बसों तथा हल्के चारपहिया वाहनों द्वारा नेपाल को जाते हैं। दूसरी तरफ स्थानीय बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर भी भारी जलजमाव के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों के साथ साथ कभी भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा लगातार बना हुआ है।ऐसी स्थिति तब है जब वर्षा के जल की निकासी के लिए नगर पंचायत में नाले के निर्माण के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दिए गये हैं। लेकिन समस्या के निदान का परिणाम सफेद हाथी साबित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला बनाने का तरीका ही ग़लत है।सड़क से काफी ऊंचाई पर नाले बनाए गए हैं साथ ही नालों के सड़कों से सटे हिस्सों पर मिट्टी डाल दिया गया है। ऐसे में नालों के निर्माण की खानापूर्ति ही कि गई है। यहां बताते चलें कि जल जमाव वाले स्टेशन रोड से सटे प्रखंड मुख्यालय का परिसर,नगर पंचायत कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां प्रतिदिन इस सड़क से नगर पंचायत तथा प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी, कर्मचारियों, पार्षदों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन लोकतंत्र के नक्कारखाने में जनता की तूती की आवाज किसी के कानों तक नहीं पहुंच पा रही है ये हैरान करने वाली बात है।





# पीएम की चुनावी सभा के पूर्व 20 जिंदा कारतूस व आर्म्स के साथ एक गिरफ्तार

## बेगूसराय के आर्म्स सप्लायर को पुलिस ने बरियारपुर जीरो माइल से किया गिरफ्तार

**बीएनएम। मोतिहारी।** पीएम मोदी की चुनावी सभा से ठीक पहले मोतिहारी पुलिस ने एक अंतरजिला आर्म्स सप्लायर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। छतौनी थाने के बरियारपुर जीरो माइल चौक के पास से उसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान कान्तेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने उक्त कारवाई की है। एसपी ने बताया है कि उसके पास से 20 जिंदा कारतूस, यूएस मॉडल जैसा एक पिस्टल बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर बेगूसराय जिले के साहेब कमाल थाना क्षेत्र का निवासी मधुसूदन कुमार बताया गया है। पुलिस ने उससे पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उसके विरुद्ध साहेब कमाल थाने में 2007 में चोरी, मानसी थाना क्षेत्र में 2017 व बेगूसराय नगर थाने में वर्ष 2022 में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। इसके अलावे पुलिस उसके अन्य अपराधिक मामलों को खंगालने में जुटी है। छापेमारी टीम में एएसपी के अलावे छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, एएसआई मुकेश कुमार, इन्द्रकांत कुमार, सिपाही राजेन्द्र कुमार, बिट्टू कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

# मोतिहारी में अधिवक्ताओं ने किया मतदाता रैली का आयोजन

**बीएनएम। मोतिहारी।** जिला अधिवक्ता विचार मंच के तत्वाधान में सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मंच के जिलाध्यक्ष सह विशेष लोक अभियोजक पॉस्को कुमार शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में निकली गयी मतदाता जागरूकता रैली न्यायालय परिसर में घूमकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। अधिवक्ताओं ने तख्ती पर लिखे वोट माई फ्यूचर, सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारों के साथ आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया। मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि मतदान का अधिकार हमें संविधान से मिला है। यह अधिकार सभी संवैधानिक अधिकारों से अधिक महत्वपूर्ण है। मतदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

# छठे चरण में चुनाव को लेकर सील किया जायेगा इंडो-नेपाल बार्डर

**बीएनएम। मोतिहारी।** छठे चरण में पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण व शिवहर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर अगामी 23 मई से 25 मई तक भारत व नेपाल की सीमा को बंद किया जायेगा।साथ ही चुनाव के मद्देनजर भारत और नेपाल दोनो ओर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों की ओर से चौकसी बरती जायेगी।फिलहाल नेपाल से भारत की ओर आने वाले दो पहिया व चारपहिया वाहनों के साथ पैदल यात्रियो की भी बारीकी से जांच की जा रही है। रक्सौल समेत जिले से जुड़े बॉर्डर पर एसएसबी जवानों की ओर से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। बताया गया है कि चुनाव को लेकर 60 घंटे पूर्व भारत-नेपाल बॉर्डर को सील कर दिया जाएगा। बॉर्डर पर दोनों देश के जवान चुनाव पूरा होने तक तैनात रहेंगे। नेपाल में कार्य कर रहे वैसे लोग जो मतदान में भाग लेना चाहेगे उन्हे पहचान पत्र दिखाने के बाद ही भारत में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। नेपाल के पर्सा जिला के सीडीओ दिनेश सागर भूसाल ने बताया कि 23 मई के सुबह 6 बजे से लेकर 25 मई की शाम 6 बजे तक बॉर्डर सील रहेगी। उन्होने बताया कि भारत में हो रहे चुनाव को लेकर नेपाल में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# छठे चरण के मतदान को लेकर राजनीति हुई तेज

## माइनॉरिटी को लुभाने के लिए एमलसी गुलाम गौस ने बगहा में चौपाल लगाया

**बीएनएम। बगहा।** छठे चरण में 25 मई को 01 वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में होनें वाले मतदान को लेकर राजनीती तेज़ हो गईं है। जदयू औऱ आरजेडी की सीधी लड़ाई के बीच नेताओं का एक दूसरे पर वार प्रत्यारोप जारी है। इसी बीच बगहा पहुँचे जेडीयू एमएलसी गुलाम गौस ने शहर में चौपाल लगाया। बतादें की अल्पसंख्यक बहुल्य रत्नमाला औऱ अंसारी टोला में समुदाय विशेष के लोगों में नीतीश सरकार की उपलब्धियां गिनाकर एमएलसी गुलाम गौस नें जेडीयू के पक्ष में मतदान करने का लोगों से वादा कराया ।

# चुनाव कार्य में लापरवाही पर एसडीओ ने की बड़ी कार्रवाई, 48 पदाधिकारी व कर्मियों के वेतन पर रोक, शो कॉज नोटिस जारी

बीएनएम। मोतिहारी

**मोतिहारी।** लोकसभा चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रशासन कोई कमी नहीं रहे। इसको लेकर बिंदुवार तैयारी में जुटी है। इसी कड़ी में अरेराज एसडीओ अरुण कुमार ने चुनाव कार्य मे लापरवाही करने वाले 48 पदाधिकारियो व कर्मियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई किया है। एसडीओ ने चुनाव कार्य मे बिना सूचना के गायब 3 कर्मियों का वेतन स्थगित करते हुए कार्रवाई के लिए स्पष्टीकरण का मांग किया है। वही EVM कमिशनिग सेंटर पर विलंब से पहुचने वाले 44 पदाधिकारियो व कर्मी से कार्रवाई को लेकर स्पष्टीकरण की मांग किया है। एसडीओ के बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक एसडीओ ने ईवीएम कमिशनिग कार्य में बिना सूचना के अनुपस्थित तीन रोजगार सेवक का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए करवाई के लिए स्पष्टीकरण की मांग किया है। वही चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य मे समय से विलम्ब से पहुँचने वाले 44 पदाधिकारियो व कर्मियों से कार्रवाई के लिए स्पष्टीकरण की मांग किया गया है। एसडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर गोविन्दगंज विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम कमिशनिग का कार्य सोमेश्वरनाथ प्लस उच्च विद्यालय में चल रहा था। रविवार को ईवीएम कमिशनिग का कार्य पूरा करना था। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य होने के बाद भी बिना सूचना के पहाड़पुर रोजगार सेवक अब्बास हुसैन , विवेक कुमार अरेराज तकनीकी सहायक नितेश कुमार गुप्ता डियूटी से गायब मिले। वही प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पहाड़पुर जितेंद्र कुमार, शिक्षक अब्दुल कादिर, आवास सहायक पहाड़पुर सतेंद्र राय, एचएम उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरेया जाकिर हुसैन, तकनीकी सहायक पहाड़पुर रफी अहमद, राहुल कुमार, सहायक शिक्षक सिसवा सुरेश कुमार, शिक्षक पहाड़पुर जमादार पंडित, आवास पर्यवेक्षक पहाड़पुर उमेश्वर नाथ तिवारी, लेखा पाल पहाड़पुर अमित कुमार चौरसिया, राजस्व कर्मचारी आलोक कुमार, मुकेश कुमार गिरी, बीईओ पहाड़पुर हारून रसीद, शिक्षक मनोज कुमार, अनिमेष कुमार, परितोष कुमार, आवास सहायक पहाड़पुर शैलेन्द्र कुमार, एचएम सोनवल उतर पट्टी पद्मकान्त पांडेय, रोजगार सेवक शिवपूजन सिंह, कृषि समन्वयक कमलेश मिश्र, एचएम बड़हरवा मनोज शर्मा, आवास सहायक प्रदीप कुमार मोहन, शिक्षक विजय कुमार, शिवपूजन राम, तकनीकी सहायक मेराज आलम, एचएम अरविंद दुबे, महेश प्रशाद, पंचायत सचिव सन्नी कुमार, एचएम हेमंत पांडेय,शिक्षक परमानंद ठाकुर, लेखपाल जितेंद्र कुमार, पंचायत रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार, एचएम विद्यासागर, काशीनाथ ओझा, लेखा पाल राजनाथ राम, शिक्षक चंदन कुमार पांडेय,पंचायत रोजगार सेवक हिमांशु कुमार, शिक्षक संग्रामपुर पप्पू कुमार सिंह, शिवपूजन प्रसाद, कार्यपालक सहायक पप्पू ठाकुर,भरत महतो, बासदेव महतो सुधाकर सिंह से ईवीएम कमिशनिग कार्य स्थल पर बिलंब से पहुचने को लेकर स्पष्टीकरण की मांग किया गया। एसडीओ ने बताया कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नही मिलने पर कड़ी करवाई किया जाएगा।

# झमाझम बारिश से वीटीआर हुआ गुलज़ार प्रचंड गर्मी से मिली राहत

## मौसम की तपिश से बेहाल सैलानियों ने बारिश का खूब लुत्फ उठाया



बीएनएम। बगहा

बगहा। प्रचंड गर्मी से सुलगता वीटीआर सोमवार को अचानक मौसम के करवट लेते ही झमाझम बारिश से राहत की सांस ली ।इस बदले मौसम से वीटीआर गुलज़ार हो गया। वीटीआर घूमने आए पर्यटकों को इस बदले मौसम से खूब राहत मिली और बारिश का खूब लुफ्त उठाया। बतादें की लगातार हीट वेव की मार झेल रही वीटीआर को गरज के साथ बारिश से लोगों ने प्रचंड गर्मी से राहत ली । पिछले तीन दिनों से शाम के समय बारिश के आसार बनते रहे लेकिन बारिश नहीं हुई।लेकिन सोमवार को मौसम ने करवट लेते हुए स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों को भी खूब राहत दी और बदले हुए मौसम का खूब लुफ्त उठाया। बारिश के रुकते ही पर्यटक बाहर निकले और वीटीआर के पर्यटन डिस्टिनेशन पर्यटकों से गुलज़ार हो उठे।

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**बीएनएम। मोतिहारी।** जिले के घोड़ासहन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के कदमवा गोला चौक स्थित सैलून से एक बदमाश को दबोच लिया है। तलाशी लेने के उपरांत उसके पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। मामले की पुष्टि करते थानाध्यक्ष शंभु कुमार मांझी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान थानाक्षेत्र के कदमवा भलुआही गांव निवासी लोचन सहनी का पुत्र धनंजय कुमार सहनी के रूप में किया गया है। बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार लेकर बाल कटवाने के लिए सैलून में पहुंचा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उक्त बदमाश को हथियार के साथ पकड़ लिया। इसके साथ हीं पुलिस गिरफ्तार बदमाश के आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी हुई है। छापेमारी टीम में पुअनि अभय कुमार, पुअनि मधुकर कुमार, पुअनि नवल किशोर पासवान व पुलिस बल शामिल थें।

# मोतिहारी में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर प्रबंध निदेशक ने भेजा पत्र

## 150 छात्रों का होगा नामांकन, 630 बेड बनेगा अस्पताल का भव्य

**बीएनएम। मोतिहारी।** जिला लगातार शिक्षा का हब बनता जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निीक कॉलेज,केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के बाद अब यहां मेडिकल कॉलेज खुलेगी। इसको लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जाहिर है कि लोकसभा चुनाव के बाद इस दिशा में कार्रवाई और तेज हो जायेगी। इस संबंध में प्रबंध निदेशक बी.एम.एस.आई.सीएल ने अपने पत्रांक 832 दिनांक 3 मई के पत्र के आलोक में डीएम मोतिहारी को पत्र भेज कर 25 एकड़ भूखंड की आवश्यकता जताई है। यहां 150 छात्रों के नामांकन की क्षमता को देखते हुए उक्त भूखंड की मांग की गई है। जहां 630 बेड के अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। इस परियोजना के निर्माण की दिशा में ज्योंहि जमीन उपलब्ध करा दिया जायेगा। डीपीआर तैयार करने की दिशा में विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। जाहिर है कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के खुल जाने से लोगों को बेहतर शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए एसकेएमसीएच पीएमसीएच जाने की नौबत नहीं आयेगी। यहां सभी तरह के इलाज की सुविधा बहाल होगी।

# एनडीए गठबंधन को वोट कर मोदी को फिर से बनाए पीएमः अशोक चौधरी

**बीएनएम। बगहा।** वाल्मीकिनगर लोक सभा चुनाव को ले सभी दलों के कार्यकर्ताओ ने अपने पार्टी को विजयी बनाने के लिए अपनी अपनी ताकत झोंक दी है।इसी क्रम में भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी वाल्मीकिनगर लोक सभा क्षेत्र के दौरे पर रहे ।इस दौरान मतदाताओं को एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की। पत्रकारो से बात करते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी जदयू के सुनील कुमार को भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। 4 जून को एनडीए गठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। साथ ही चंपापुर गोनौली पंचायत स्थित मनोर नदी में पुल नही होने के कारण ग्रामीणों द्वारा वोट वहिष्कार करने की बात पर मंत्री चौधरी ने बताया कि स्थानीय विधायक रिंकू सिंह के पहल पर उक्त पुल की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।पूर्व में सरकार में उथल पुथल और आचार संहिता के कारण टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सका है।जो चुनाव पूर्ण होने के कुछ समय बाद कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तमकुहा,शिसवा घाट और मचहा पर अति शीघ्र पुल निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।उसके अलावे जितनी भी पुल पुलिया का कार्य जो अधूरा पड़ा है उसे भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा।उन्होंने गोनौली वासियों को अपना वोट एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में करने की अपील की है। मौके पर समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौंजूद रहें।

LAKSHYA RAJ KIDZEE
Lakshya Raj Public School
Mission Chowk, Pataura (Infont of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441

# मोदी ने हिन्दू मुस्लिम को लड़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया: तेजस्वी

## भाषण के दौरान बारिश से बदले मौसम पर तेजस्वी ने चुटकी ली कहा मौसम की तरह सरकार भी बदल जाएगी

**बीएनएम। बगहा**

वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दीपक यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने मुकेश सहनी के साथ तेजस्वी यादव रामनगर पहुंचे। रामनगर के अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम में बारिश के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और अपने नेता तेजस्वी यादव को सुनने के लिए लोग बारिश में भीगते दिखे। दरअसल सभा 12 बजे होनी थी लेकिन बारिश के कारण 3 बजे के बाद सभा हुई। इसी बीच दुबारा बारिश आने लगी। लिहाजा मौसम पर चुटकी लेते हुए तेजस्वी यादव ने कहा की मौसम बदल गया है सरकार भी बदल जाएगी। देश में महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए तेजस्वी ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की मोदी ने हिंदू मुस्लिमो को लड़ाने के अलावा कोई कार्य नहीं किया है। बीजेपी को बड़का झूठा पार्टी बताते हुए कहा की मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने रोजगार और नौकरी देने का वादा किया और सरकारी चीजों को निजी हाथों में सौंप दिया। ऐसे में कैसे रोजगार मिलेगा। इतना ही नहीं 10 साल में सिलेंडर का दाम 1000 से ज्यादा बढ़ा दिया । बिहार में एक भी चीनी मिल नहीं शुरू करा पाए और सिर्फ झूठ बोलते रहे। उन्होंने दीपक यादव को जिताने के लिए लोगों से अपील की और कहा की इंडिया की सरकार बनी तो वे एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगे और 10,10 किलो राशन दिया जाएगा।



# दर्जनो लोगों ने भाजपा को छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल



**बीएनएम। रामगढ़वा**

पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के सुगौली विधानसभा के भैंसड़ा गांव में राजद से नाराज दर्जनों की संख्या में भजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता को ग्रहण किया है। सोमवार को यह कार्यक्रम रामगढ़वा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह की भी मौजूदगी रही। मौके पर महागठबंधन के रामबाबू यादव, राजू सिंह, प्रेमचंद यादव, जेपी यादव, तेजी लाल कुशवाहा, सुनील कुशवाहा इत्यादि कई नेता मौजूद रहे। महागठबंधन के नेताओं के द्वारा चुनाव कैम्पन के अंतर्गत वैसे कार्यकर्ताओं को गोलबंद करने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिनमें किसी कारण वश नाराजगी है। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बताया कि भैंसड़ा गांव के दर्जनों लोगों में किसी कारण से नाराजगी थी और इन लोगों ने भाजपा कि सदस्यता को ग्रहण कर लिया था। हालांकि दिल से यह सभी लोग राष्ट्रीय जनता दल के ही है। इसलिए इन्होंने कांग्रेस की सदस्यता को फिर से ग्रहण किया है। मौके पर हरि नारायण यादव, विनय यादव, संजीत यादव, विपिन यादव, अशोक यादव, लालबाबू यादव, लखन यादव, सुकेश्वर यादव, नितेश यादव, अखिलेश यादव विशाल यादव, संतोष यादव, सिदित पाठक, राजकिशोर सोनार, रामाशीष सहनी, तबरेज आलम, ओकील यादव, लखन यादव सहित कई लोगों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता को ग्रहण किया है।

# एनडीए प्रत्याशी के चुनावी सभा मे मैनाटाँड़ पहुँचे सीएम नीतीश



**बीएनएम। बेतिया**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिमी चंपारण में किए गए इंडिया सरकार द्वारा विकास कार्यों की चर्चा करते हुए वाल्मीकिनगर से एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार को भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया। मैनाटाँड़ प्रखंड के रामपुरवा में बाल्मीकिनगर लोकसभा के जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। मैनाटांड में आयोजित सभा में नीतीश ने कहा है बिहार में अब हिन्दू मुस्लिम के बीच कोई विवाद विवाद नही होता है।कब्रस्तान की घेराबंदी कराए हैं और अब मंदिरों की चहारदीवारी भी हो रही है।प्रदेश के वैसे सभी मंदिरों की चहारदीवारी होगी, जो 60 साल पुराना है। नीतीश कुमार ने पुराने दिनों का याद दिलाते हुए लोगों से सरकार के द्वारा कराई गई योजनाओं की याद दिलाई। उन्होंने जंगल राज की चर्चा करते हुए राजद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने वाल्मीकिनगर से प्रत्याशी सुनील कुमार को वोट देकर जीताने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की ठोकर से जख्मी महिला की मौत

**परिजनों में कोहराम**

**बीएनएम। अरेराज।** अरेराज-हाजीपुर मुख्य पथ एसएच 74 पर इजरा गांव के समीप बाइक की ठोकर से एक महिला बुरी तरह जख्मी हो गई जिसका इलाज हेतु मोतिहारी ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतक महिला पश्चिमी संग्रामपुर पंचायत के वार्ड 13 के सुरेश साह की 35 वर्षीय पत्नी ललिता देवी बतायी जाती हैं। मृतक महिला गांव में सीएसपी से रुपया निकाल कर एसएच 74 को किनारे खड़ी थी तभी पीछे से आ रही लापरवाह बाइक चालक ने ठोकर मार दिया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से सीएचसी पहुचाया गया जहाँ डॉक्टर सुमित कुमार ने इलाज के बाद स्थिति गम्भीर देखते हुए मोतिहारी रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोतिहारी पहुचने से पहले रास्ते मे ही मौत हो गई।मृतक महिला का पति सूरेश परिवार के भरण पोषण वास्ते बाहर किसी दूसरे प्रदेश में कमाने गए है। मृतक महिला को एक पुत्र व छोटी बच्ची हैं दोनो बच्चे माँ की मौत की खबर सुन बेसुध पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़ लिया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया जायेगा। मामले की जांच पड़ताल की जा रही।आवेदन मिलने पर प्राथमिकि दर्ज की जायेगी।

### बिहार सरकार वन मंत्री ने इंडो नेपाल सीमाई गांवों का दौरा किया

**बीएनएम। बगहा।** वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत समेत इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर से सटे कई गांवों में बिहार सरकार के वन मंत्री प्रेम कुमार ने दौरा किया और एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार के एक एक उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा की मोदी सरकार ने महिलाओं के समृद्धि और विकास के लिए कई कार्य किए हैं। देश का जीडीपी ग्रोथ तेजी से बढ़ा है। बिहार में एक नया एम्स बनने की तरफ अग्रसर है। हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। बिहार सरकार भी विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है और विकास के मुद्दे पर हीं जनता से वोट मांग रही है। इसलिए जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार को जीता कर मोदी का हाथ मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा की बिहार के सभी 40 सीटों पर एनडीए जीतेगी और महागठबंधन का खाता भी नहीं खुल पाएगा।

# क्षतिग्रस्त पुल नहीं बनने व ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से नाराज ग्रामीण वोट का करेंगे बहिष्कार

## केसरिया के ढेकहाँ पंचायत का है मामला

**बीएनएम। केसरिया। अमृतेश कुमार ठाकुर**

चुनावी मौसम में जनता बिजली, सड़क सहित अपनी अन्य समस्या की मांग को लेकर मुखर हो रही है। संबंधित जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस कड़ी में प्रखंड के ढेकहाँ पंचायत में वर्षों से क्षतिग्रस्त पुल नहीं बनने व बिजली ट्रांसफार्मर नहीं लगने से नाराज ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। चंपारण तटबंध से मझरिया गाँव जाने वाली सड़क मार्ग स्थित क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को गाँव के सैकड़ों ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता रवींद्र सिंह बेरूआर के नेतृत्व में पुल के समीप पहुँचकर पुल नहीं तो वोट नहीं की नारेबाजी की। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इससे पहले 12 मई को भी ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार करने की बात कही थी। श्री सिंह ने बताया कि मझरिया गाँव जाने वाली पथ में स्थित पुल पिछले चार साल से क्षतिग्रस्त है। आज तक पुल नहीं बना है। जबकि बाढ़ के दिनों में मझरिया गाँव टापू बन जाता है। गाँव में जाने का नाव ही एक विकल्प रह जाता है।तीन महीने तक रास्ता बंद हो जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इधर ढेकहाँ पंचायत के ही तीन वार्ड के लोगों ने भी वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर नहीं तो वोट नहीं का नारा भी बुलंद किया। वोट बहिष्कार का मुख्य कारण बिजली की समस्या है। उक्त पंचायत के वार्ड सात,आठ व नौ के करीब एक हजार घर बिजली की लो समस्या से परेशान है। ग्रामीण कैलाशपति कुँवर, मनोज कुँवर, विकाश कुमार, पंकज कुमार, जितेंद्र कुंवर, माधुरी देवी, सुब्बा सहनी आदि ने बताया कि करीब डेढ़ दशक से ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान हैं। नेता से लेकर सम्बन्धित अधिकारी के द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया। लेकिन बिजली की समस्या का निराकरण अब तक नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।



## संपादकीय

# मतदान प्रतिशत पर मुखरता

सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग से पूछा है कि चुनाव होने के काफी दिनों बाद बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत क्यों जारी किया जा रहा है। इस बात को समझाया जाए। शीर्ष अदालत ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आयोग से कहा कि वह 24 मई तक अपना पक्ष रखे।

एडीआर ने अपनी याचिका में मांग की है कि आयोग को चुनाव होने के दो दिन के भीतर ही अंतिम आंकड़े जारी करने को कहा जाए। यहीं संशय की स्थिति बनी और विपक्ष ने मतदान के आंकड़े देरी से जारी करने को चुनाव में मुद्दा बना लिया है। दरअसल, एक चरण के अंतिम आंकड़े आने पर एक करोड़ वोट बढ़ जाने से हर कोई चौंका है, और आम मतदाता के गले निर्वाचन आयोग की यह दलील नहीं उतर रही है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ जाना सामान्य बात है। निर्वाचन आयोग मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर रहा है, तो मतदान 5-6 प्रतिशत बढ़ा हुआ आ रहा है। एडीआर की याचिका पर राजनीतिक माइलेज लेने की गरज से विपक्ष इस कृत्य को भाजपा के लिए मददगार करार देने में जुट गया है।

हालांकि इससे पहले वह ईवीएम के मुद्दे को लेकर भी खासा मुखर हुआ था और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शीर्ष अदालत जा पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए विपक्ष के इस उपक्रम पर रोक लगा दी तो ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह करके निर्वाचन आयोग और सत्ता पक्ष को घेरना विपक्ष के लिए मुमकिन नहीं रह गया है। ले-दे के मतदान प्रतिशत के आंकड़े देरी से जारी करने का मुद्दा विपक्ष के सामने बच रहा जिसे वह भुनाने में जुट गया है। हालांकि वह अभी तक प्रभावी तरीके से मतदान प्रतिशत के आंकड़े में विलंब का मुद्दा नहीं उठा पाया है। फिर भी उसकी कोशिश जारी है कि कुछ सरकारी एजेंसियों की तरह संवैधानिक संस्थाओं और निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता पर सवाल उठाते हुए उन्हें सरकार का मददगार बताए।

मतदाता को चुनाव में लेवल प्लेइंग फील्ड न होने का यकीन दिला कर उसकी हमदर्दी हासिल करे। यदि सफल रहता है तो उसे अपने पक्ष में ज्यादा मतदान करा ले जाने की संभावना दिखलाई पड़ रही है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर की याचिका पर जो व्यवस्था दी है, उससे लगता है कि मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में देरी की हकीकत जल्द स्पष्ट होगी।

# स्वाति मालीवाल पर हमले का मामला गंभीर है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास के भीतर सांसद स्वाति मालीवाल से हुई कथित मारपीट के मामले में आरोपी बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने पांच दिन की हिरासत में ले लिया। बिभव कुमार मुख्यमंत्री के निजी सचिव हैं जिन पर मालीवाल ने मार-पिटाई करने और अभद्रतापूर्वक पेश आने संबंधी एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने का इरादा बनाया है। इसलिए ऑप्रेशन झाड़ू चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके तहत आप के बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके बाद बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। पार्टी का दफ्तर खाली जाएगा और हमें सड़कों पर लाया जाएगा। उन्होंने भाजपा मुख्यालय जाकर सभी की गिरफ्तारी देने की बात भी की। केजरीवाल पहले ही दावा कर चुके हैं कि आप सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली सरकार में मंत्री अतिशी सिंह और सौरभ भारद्वाज को वे जेल भेजेंगे। इस बीच, दिल्ली पुलिस लगातार स्वाति मालीवाल के आरोपों के मामले की जांच कर रही है। उनका आरोप है कि बिभव सहयोग नहीं कर रहे हैं। जबकि बिभव ने कहा है कि हिरासत में लिए जाने से पूर्व ही वह खुद भी मालीवाल के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज करवा चुके हैं और इस बाबत पुलिस को तमाम साक्ष्य भी मुहैय्या करा चुके हैं। भाजपा कार्यालय की तरफ गए आप नेताओं में से किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

अलत्ता, कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में जरूर लिया गया लेकिन कुछ ही मिनटों में उन्हें छोड़ भी दिया गया। इसने केजरीवाल की राजनीतिक दूरंदेशी का सार्वजनिक तौर पर मखौल बना दिया। अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि केंद्र सरकार यह सब दिल्ली में होने वाले मतदान के पूर्व दिल्ली सरकार की छवि बिगाड़ने के लिए कर रही है। भाजपा इस मामले पर केजरीवाल की चुप्पी को लेकर लगातार प्रहार कर रही है। कुल मिला कर सारा प्रकरण लोगों का लोक सभा चुनाव के प्रति ध्यान भंग करने वाला ज्यादा साबित हो रहा है। यह गंभीर मसला है, इसको लेकर जिस तरह आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं, उनकी जितनी निंदा की जाए, कम है। यकीनन महिला के सम्मान के खिलाफ इस प्रकार का कृत्य, यदि वास्तव में हुआ है, बेहद निंदनीय है। मामले की जांच शुरू हो चुकी है, अब अदालत ही इस सब के पीछे के राज खोलेगी। तब तक घटना का राजनीतिकरण करने से बचा जाए।

# विश्व शांति : लोक भलाई से ही मानवता का कल्याण



भारत की आजादी के संघर्ष के बेहद प्रेरणादायक माहौल में राष्ट्रवाद के बहुत बड़े उभार के बावजूद महात्मा गांधी ने विश्व बंधुत्व का संदेश दिया, और शहीद भगत सिंह ने भी पूरी धरती को एक परिवार मानने को एक महान आदर्श बताया। आज की युद्ध और तनावों भरी दुनिया में यह आदर्श बहुत कठिन तो है, पर महाविनाशक हथियारों के इस दौर में इसकी जरूरत अब पहले से भी अधिक बढ़ गई है। अतः राह जितनी कठिन हो, इस दिशा में प्रयास होते रहने चाहिए। विभिन्न स्तरों पर समर्पण की सोच दुनिया में प्रचलित है। इन सब से हटकर एक अन्य पहचान भी हो सकती है, जो बहुत महत्त्वपूर्ण है पर फिर भी इस पहचान को बहुत कम महत्त्व मिला है। यह विश्व नागरिकता या विश्व बंधुत्व की पहचान है। इस सोच में पूरे विश्व को एक बड़े परिवार के रूप में ही देखा जाता है। सभी लोग मूलतः एक ही विश्व के नागरिक हैं। अतः इस सोच में रंग, नस्ल, लिंग, जाति,धर्म, क्षेत्रीयता, राष्ट्रीयता, किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। किसी भेदभाव के बिना सभी लोगों की भलाई को सोच का आधार बनाया जाता है। इस सोच में अनेक तरह की संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर पूरे विश्व को अपना मानने व पूरे विश्व की भलाई को अपना उद्देश्य मानने की व्यापक सोच प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस सोच में यह निहित है कि जहां कहीं भी टकराव की कोई संभावना उत्पन्न होगी उसका शांतिपूर्ण समाधान निकाल लिया जाएगा क्योंकि मूल सोच तो सबकी भलाई की है, केवल अपना स्वार्थ साधने की नहीं है। इस तरह की सोच का जितना प्रसार होगा, युद्ध, गृह युद्ध और हर तरह की हिंसा की संभावना अपने आप कम होती जाएगी। यह किसी भी समय के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती, पर वर्तमान दौर में, जब युद्ध और हथियार अत्यधिक विनाशक हो चुके हैं, युद्ध की संभावना को कम कर पाना पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण और जरूरी हो गया है। इसी तरह जो दुनिया की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्याएं हैं (जैसे जलवायु बदलाव) उनके लिए विभिन्न देशों को अपने संकीर्ण दृष्टिकोणों से ऊपर उठने की जरूरत है। यह तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता को बचाने का सवाल है। धरती पर तरह-तरह का, विविधता भरा जीवन पनपने के हालात बने रहें, इसके लिए विश्व स्तर पर सभी देशों के सहयोग की जरूरत है। यदि विश्व नागरिकता और विश्व बंधुत्व की सोच विकसित होगी तो इससे इन गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं की सुलझाने में बहुत मदद मिलेगी। विश्व बंधुत्व की सोच यदि सभी मनुष्यों तक सीमित रहे, तो भी इसमें कुछ संकीर्णता आ जाएगी। अतः इस सोच में जीवन के सभी रूपों की रक्षा और भावी पीढ़ियों की रक्षा की सोच को भी अवश्य शामिल करना चाहिए। यदि विश्व नागरिकता और विश्व बंधुत्व की सोच को विभिन्न स्तरों पर प्रोत्साहित किया गया और इसे एक व्यापक जन-अभियान का रूप दिया गया तो इससे विश्व की अनेक गंभीर समस्याओं के समाधान में बहुत सहायता मिल सकती है। इसकी अनुकूल भूमिका तैयार करने के लिए विश्व बंधुत्व और नागरिकता पर कई स्तरों पर विमर्श जरूरी है। इसमें भारत के गांधीवादी आंदोलनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। सवरेदय आंदोलन की 'जय जगत' की सोच इसके बहुत अनुकूल है। विश्व में अमन-शांति के कई आंदोलन और अभियान हैं। उनका सहयोग इस कार्य में बेहतर से बेहतर ढंग से मिल सके, यह सुनिश्चित करने में संयुक्त राष्ट्र संघ भी अपनी विश्व स्तर की उपस्थिति और मान्यता से एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इतना निश्चित है कि ये प्रयास इस समय बहुत व्यापक स्तर पर जरूरी हैं, और इनसे दुनिया की अनेक पेचीदा समस्याओं के समाधान में बहुत मदद मिलेगी। विश्व के विभिन्न देशों में अनेक सार्थक जन आंदोलन सक्रिय हैं। वे एक-दूसरे के अनुभवों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। इस वजह से एक-दूसरे के नजदीक आने की, एक दूसरे को बेहतर जानने की जरूरत सदा रही है। पर हाल के समय में जो स्थितियां विश्व स्तर पर तेजी से उत्पन्न हो रही हैं, उनके कारण विश्व भर के जन आंदोलन की नजदीकी और मित्रता को तेजी से बढ़ाने की जरूरत अब पहले से कहीं अधिक हो गई है। विश्व के अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अब तो धरती पर विविधता भरे जीवन को पनपाने वाली स्थितियां ही संकटग्रस्त हो गई हैं। ऐसा तरह-तरह के पर्यावरण विनाश के कारण हुआ है। भविष्य के युद्धों में अगर महाविनाशक हथियारों का उपयोग हुआ तो इस कारण भी धरती की जीवनदायिनी क्षमता खतरे में पड़ जाएगी। इस तरह के महाविनाशक हथियारों के विशाल भंडार पहले ही एकत्र हो चुके हैं और इन हथियारों को होड़ और दौड़ जारी है। दूसरी ओर, विश्व के मौजूदा नेतृत्व को अभी तक ऐसी कोई सफलता नहीं मिली है जिससे धरती पर जीवन की स्थितियों को संकटग्रस्त करने वाले इन कारकों पर असरदार रोक लगे। समस्याओं की गंभीरता वैज्ञानिक स्तर पर पता चलने के बावजूद ये समस्याएं कम नहीं हो रही हैं अपितु बढ़ रही हैं। अनेक अति शक्तिशाली देशों के नेतृत्व ने इन समस्याओं को अभी अपनी प्राथमिकता तक नहीं बनाया है और इस जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं। इस स्थिति में विश्व के जन आंदोलनों की यह जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि इन सबसे महत्त्वपूर्ण समस्याओं को समझ कर इन्हें सुलझाने में अपनी बढ़ती भूमिका को स्वीकार करें तथा इसके अनुकूल मेहनत और तैयारी करें। इसके लिए उन्हें व्यापक एकता बनानी होगी-अपने देश में भी और उससे बाहर भी। बहुत छोटे स्तर पर कार्य करते हुए वे इतने व्यापक मुद्दों को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। गठबंधन और एकता के साथ उन्हें विश्व के अनेक विख्यात वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित नागरिकों को अपने साथ जोड़ना पड़ेगा, विशेषकर उन वरिष्ठ व्यक्तियों को जो पहले से इन सबसे महत्त्वपूर्ण समस्याओं को उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। इन नई जिम्मेदारियों को संभालने के लिए अनेक जन-संगठन और आंदोलन आगे बढ़े तो उन्हें पहले कदम पर अपनी सरकारों से विभिन्न तरह की रोक-टोक का सामना कर सकता है, पर यदि विश्व स्तर पर व्यापक एकता होगी तो इन समस्याओं को सुलझाया जा सकता है। इन जन-आंदोलनों की एक मुख्य भूमिका यह है कि जीवन के अस्तित्व मात्र को खतरे में डालने वाली समस्याओं को जनसाधारण के बीच ले जाएं ताकि आम लोगों की ओर से इन समस्याओं को उच्च प्राथमिकता देने के लिए एक बड़ा दबाव बने। इन समस्याओं के महत्त्व की समय रहते व्यापक समझ बनेगी तो सरकारों पर भी समय रहते इन्हें सुलझाने के लिए दबाव बनेगा। यह भी जरूरी है कि इन समस्याओं के जो भी समाधान खोजे जाएं वे न्याय, समता और लोकतंत्र की परिधि में खोजे जाएं। इस तरह की सही राह तलाशने और इस पर व्यापक सहमति बनाने में जन-आंदोलनों और जन-संगठनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, पर इस भूमिका को सफलतापूर्वक निभाने के लिए उन्हें बहुत मेहनत और तैयारी करनी पड़ेगी।

**- भारत डोगरा**

# वैश्विकी : पुतिन-जिनपिंग शिखर वार्ता

इस सप्ताह भारत के लिहाज से सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए दीर्घकालिक समझौते की थी। इसके तहत भारत चाबहार बंदरगाह के एक हिस्से को विकसित और संचालित करेगा।

आम चुनाव के बीच इस समझौते का अमल में आना महत्त्वपूर्ण है। संभव है कि दोनों देश नई सरकार के आने से पहले यह समझौता करना चाहते थे। अमेरिका को यह समझौता नागवार गुजरा और उसकी ओर से प्रतिबंध लगाने की अप्रत्यक्ष धमकी भी दी गई।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी धमकी को ज्यादा महत्त्व नहीं देते हुए कहा कि इस संदर्भ में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए। यह समझौता पूरे क्षेत्र के हित में है। वास्तव में चाबहार बंदरगाह उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिये भारत की पहुंच मध्य एशिया और रूस तक होनी है। ऐसे समय में जब अमेरिका के लिए रूस और ईरान दोनों प्रमुख चुनौती बने हुए हैं, यह समझौता उसके लिए रणनीतिक दृष्टि से बड़ा सिरदर्द है। आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा कि अमेरिका इस संबंध में क्या कदम उठाता है।

अंतरराष्ट्रीय जगत में सबसे बड़ी घटना रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शिखर वार्ता थी। यह शिखर वार्ता भावी विश्व व्यवस्था के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो सकती है। शिखर वार्ता के बाद जारी 8 हजार शब्दों के संयुक्त वक्तव्य को विशेषज्ञों ने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज करार दिया है। एक पश्चिमी विशेषज्ञ के अनुसार यह दस्तावेज रूस और चीन के बीच 'असीमित साझेदारी' से भी आगे का कदम है।

वर्ष 2022 में यूक्रेन संघर्ष से ठीक पहले दोनों देशों ने असीमित साझेदारी कायम करने का फैसला किया था। अब ये देश



अपने अनुकूल नई विश्व व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील हैं। भारत भी एक न्यायसंगत और संतुलित विश्व व्यवस्था का हामी है। लेकिन वह मौजूदा विश्व व्यवस्था के प्रमुख देशों के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ा रहा है। रूस और चीन के बीच एक गठजोड़ के दौरान अमेरिका ने भारत के प्रति अपने रवैये को अनुकूल बताया है।

व्हाइट हाउस ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन एफ किर्बी ने भारत के लोकतंत्र की प्रशंसा करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की है। लगता है कि अमेरिकी प्रशासन को भारत के आम चुनाव के नतीजों का आभास हुआ है। कल तक अमेरिका खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को बचाने के लिए भारत के हाथ मरोड़ रहा था। अब वह भारत का गुणगान करने की मुद्रा में है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने पिछले दिनों कहा था कि दुनिया में अमेरिका का प्रभुत्व समाप्त हो रहा है। उनके इस बयान की भारत में नव-नियुक्त चीनी राजदूत ने प्रशंसा की थी। इस बीच यह भी रिपोर्ट आई की चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। वर्ष 2024 भारत-चीन संबंधों को पटरी पर लाने वाला वर्ष साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी यदि फिर सत्ता में आते हैं तो वह वुहान और महाबलीपुरम शिखर वार्ताओं जैसी कोई पहल कर सकते हैं। अगली ब्रिक्स शिखर वार्ता में मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच शिखर वार्ता संभावित है। पुतिन यह भी प्रयास कर सकते हैं कि इस दौरान तीनों देशों के नेताओं के बीच शिखर वार्ता भी आयोजित हो। भारत और चीन के नेता यदि शिखर वार्ता करते हैं तो यह महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम होगा। नई विश्व व्यवस्था में ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। भारत भी इन संगठनों का सदस्य है। लेकिन इन संगठनों पर रूस और चीन का प्रभाव पहले से कहीं अधिक बढ़ गए हैं। भारत को नई परिस्थितियों में अपनी भूमिका का निर्धारण करना होगा। चीन ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में उभरने के लिए बहुत सक्रिय है। रूस और चीन के संयुक्त वक्तव्य में भी ग्लोबल साउथ को केंद्र में रखा गया है। भारत स्वयं को ग्लोबल साउथ का स्वाभाविक नेता मानता है। लेकिन अपनी आर्थिक और सैनिक क्षमताओं के कारण चीन अपना प्रभाव लगातार बढ़ा रहा है।

**- डॉ. दिलीप चौबे**

## आज का पंचांग

21 मई को वैशाख शुक्ल पक्ष की उदया तिथि त्रयोदशी और मंगलवार का दिन है। त्रयोदशी तिथि मंगलवार शाम 5 बजकर 41 मिनट तक रहेगी, उसके बाद चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। 21 मई को दोपहर 12 बजकर 36 मिनट तक व्यतिपात योग रहेगा, उसके बाद वरीयान योग लग जाएगा।

## आज का राशिफल



**मेष :** आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी. राजनीति के क्षेत्र में संलग्न लोगों को अपार जन समर्थन मिलेगा. कार्य क्षेत्र में सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा. बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा. नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा.

**वृषभ :** आज व्यापार में अत्यधिक व्यस्तता रहेगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी. संपत्ति को लेकर कोई उतावलेपन में न आए. रोजगार की तलाश में भटकना पड़ेगा. नौकरी में किसी अधीनस्थ से तकरार होने के योग हैं.

**मिथुन :** आज किसी सरकारी योजना का लाभ मिलेगा. व्यापार में साझेदार बनने से उन्नति होगी. धन संपत्ति विवाद को कोर्ट कचहरी में न जाने दे. परिजनों की मदद से कोर्ट कचहरी के विवाद को निपटने का प्रयास करें. किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग है. किसी महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी किसी अन्य को न दें.

**कर्क :** आज व्यर्थ भाग दौड़ एवं तनाव के साथ दिन की शुरुआत होगी. व्यापार में नए सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे. नौकरी में पदोन्नति के साथ लाभ का पद मिलेगा. राजनीति में प्रभाव बढ़ेगा. वर्चस्व स्थापित होगा. रोजगार के प्राप्त होने की बाधा दूर हो जाएगी. दूर देश की यात्रा पर जा सकते हैं. अधिक ध्यान रहेगा.

**सिंह :** आज कार्य क्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी. किसी प्रिय मित्र से भेंट होगी. व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे. प्रेम प्रसंग में निकटता आएगी. बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा. धन संबंधी विवाद सुलझ जाएगा. राजनीति में पद एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी. यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति से कोई खाने पीने की वस्तु न लें. धोखा हो सकता है.

**कन्या :** आज घर मकान को लेकर कुछ समस्या आ सकती है. यदि आप किराए के मकान में रहते हैं तो मकान मालिक आपसे मकान खाली करवाने को कह सकता है. यदि आप अपने मकान में रहते हैं तो पुराने मकान में जा सकते हैं. कार्यक्षेत्र में सुख सुविधा पर अधिक ध्यान रहेगा. व्यापार में नए प्रयोग करने का जोखिम उठाना लाभकारी सिद्ध होगा.

**तुला :** नौकरी में उच्च अधिकारी से घनिष्ठता बढ़ेगी. संपत्ति मिलने की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन के हस्तक्षेप से दूर होगी. उद्योग धंधे की योजना को गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं. अपनी योजना का खुलासा किसी विरोधी अथवा शत्रु के सामने न करें.

**वृश्चिक :** आज खेलकूद प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. नौकरी में पदोन्नति होने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने बॉस का सहयोग एवं सानिध्य प्राप्त होगा. व्यापार में उन्नति के साथ लाभ होगा. उच्च पद प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे. साहस, पराक्रम में वृद्धि होगी.

**धनु :** आज दिन की शुरुआत व्यर्थ तनाव और भाग दौड़ के साथ होगी. प्रेम संबंध में यदि कोई खतरा हो तो आप जोखिम न लें. आपके साथ मारपीट होने के साथ-साथ अदालत की भी हवा खानी पड़ सकती है. कार्य क्षेत्र में अपना मन लगाएं. व्यापार में अनजान लोगों पर अधिक भरोसा करना नुकसानदायक सिद्ध होगा.

**मकर :** आज कार्य क्षेत्र में कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा. अनावश्यक भाग दौड़ बनी रहेगी. किसी सहयोगी से अकारण मतभेद हो सकते हैं. नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है. कार्य क्षेत्र में अधिक जोखिम लेने से बचें. आपको चोट लग सकती है. व्यापार करने के लिए घर से दूर जाना पड़ सकता है.

**कुंभ :** आज का दिन विशेष लाभ एवं उन्नति कारक रहेगा. धैर्य पूर्वक कार्य करें. आपको सफलता अवश्य मिलेगी. किसी के बहकावे में न आए. अपने महत्वपूर्ण कार्य में बुद्धि विवेक से सोच समझ कर कार्य करें. नौकरी की तलाश पूरी होगी. रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. उद्योग धंधे की योजना गति पकड़ेगी. दांपत्य जीवन में आपसी समझ बढ़ेगी.

**मीन :** आज आपका दिन मिश्रित फल युक्त रहेगा. समय अधिक सकारात्मक रहेगा. अपने व्यवहार को अच्छा बनाने की कोशिश करें. समाज में अपनी पहचान बनाने का प्रयास करें. अपने महत्वपूर्ण कार्य को दूसरे की भरोसे न छोड़े. आजीविका के क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों को कार्य क्षेत्र के प्रति अधिक सतर्क रहें. व्यापार करने वाले लोगों को व्यवसाय में स्थिति सामान्य रहेगी.

# औषधीय पौधा अश्वगंधा को लगाकर प्राप्त करे अधिक आमदनी

अश्वगंधा (असगंधा) जिसे अंग्रेजी में विन्टर चैरी कहा जाता है तथा जिसका वैज्ञानिक नाम विदानिया सोमनिफेरा है, भारत में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण औषधीय फसल है जिसमें कई तरह के एल्केलाइड्स पाये जाते है। अशवगंधा को शक्तिवर्धक माना जाता है। भारत के अलावा यह औषधीय पौधा स्पेन, फेनारी आइलैण्ड, मोरक्को, जार्डन, मिस्त्र, पूर्वी अफ्रीका, बलुचिस्तान (पाकिस्तान) और श्रीलंका में भी पाया जाता है। भारतवर्ष में यह पौधा मुख्यतया गुंजरात, मध्यप्रदेष, राजस्थान, पशिचमी उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा के मैदान, महाराष्ट्र, पष्चिमी बंगाल, कर्नाटक, केरल एवं हिमालय में 1500 मीटर की ऊंचाई तक पाया जाता हैं। मध्यप्रदेश में इस पौधे की विधिवत् खेती मन्दसौर जिले की भानपुर, मनासा एवं जावद तथा नीमच जिले में लगभग 3000 हेक्टर क्षेत्रफल में की जा रही है।



## अशवगंधा के औषधीय गुण एवं उपयोग

अशवगंधा के पौधे 3 से 6 फीट तक ऊंचे होते हैं इसके ताजे पत्तों तथा इसकी जड़ को मसल कर सूंघने से उनमें घोडें के मूत्र जेसे गंध आती है। संभवतया इसी वजह से इसका नाम अश्वगंधा पड़ा होगा। इसकी जड़ मूली के जैसी परन्तु उससे काफी पतली (पेन्सील की मोटाई से लेकर 2.5 से 3.15 सेमी. मोटी) होती है तथा 30 से 45 से.मी. तक लम्बी होती है। यद्यपि यह जंगली रूप में भी मिलती हैं परन्तु उगाई गई अशवगंध ज्यादा अच्छी होती है।

अशवगंघा में विथोपिन और सोमेनीफेरीन एल्केलाइड्स पाए जाते हैं जिनका उपयोग आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाईयां के निर्माण में किया जाता हैं इसके बीज, फल, छाल एवं पत्तियों को विभिन्न शारीरिक व्याधियों के उपचार में प्रयुक्त किया जाता हैं। आयुर्वेद में इसे गठिया के दर्द, जोड़ों की सूजन, पक्षाघात तथा रक्तचाप आदि जैसे रोगों के उपचार में इस्तेमाल किया किए जाने की अनुषंसा की गई है। इसकी पत्तियां त्वचारोग, सूजन एवं घाव भरने में उपयोगी होती है। विथोपिन एवं सोमेनीफेरीन एल्केलाइड्स के अलावा निकोटीन, सोमननी, विथनिनाईन, एल्केलाइड् भी इस पौधें की जड़ों में पाया जाता है। अष्वगंधा पर आधारित शक्तिवर्धक औषधियां बाजार मे टेबलेट, पाउडर एवं केप्सूल फार्म में विभिन्न ब्रान्डों जैसे वीटा-एक्स गोल्ड, शिलाजीत, रसायन वटी, श्री नाट- थ्री, थर्टीप्लस, एनर्जिक-31 आदि के रूप में विक्रय किया जाता है।

## अश्वगंधा की बढ़ती मांग

अश्वगंधा के अनेक औषधीय गुणों के कारण आज इसकी देश विदेश में व्यापक स्तर पर मांग बढ़ी है। परन्तु जिस तेजी से यह मांग बढ़ रही हैं, उसकी तुलना में इसके उत्पादन तथा आपूर्ति का एक ही साधन था, जंगलों से इसकी प्राप्ति परन्तु निरन्तर तथा अन्धाधुन्ध वनों के दोहन के कारण एक ओर जहां उपयुक्त गुणवत्ता वाली आंवला व अश्वगंधा मिला पाना मुष्किल हो रहा हैं वहीं दूसरी ओर इसकी आपूर्ति में भी निरन्तर कमी आ रही है।

अशवगंधा से विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक दवाइंया बनाई जाती हैं जिसका विवरण इनकी उपयोगिता में दिया गया हैं। यदि इनकी खेती व्यावसायिक रूप से की जाती है, तो यह कृषकों के लिए काफी उपयोगी होगी। साथ ही आयुर्वेद औषधियों के निर्माण से गरीब लोगों के लिए सस्ती औषधि उपलब्ध हो सकेगी।

## जलवायु एवं भूमि निर्धारण

बलुई, दूमट या हल्की मिटटी, जिसका पी.एच. मान. ।.5 से 9.0 हो तथा जिसमें जल निकास की पर्याप्त व्यवस्था हो, अशवगंधा की खेती के लिए उपयुक्त होती हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मत है कि अपेक्षाकृत निम्न श्रेणी की भूमि का उपयोग किये जाने पर भी इसकी खेती से संतोषजनक उत्पादन मिल सकता हैं यह एक पछेती खरीफ फसल हैं जिसे 650 से ।50 मि.मि. वर्षा वाले श्रेत्रों में अच्छी तरह से उत्पादित किया जा सकता हैं एवं इसकी उत्पाद गुणवत्ता भी अच्छी रहती हैं अशवगंधा की खेती के लिए जवाहर अशवगंधा-



20 प्रजाति ज्यादा उपयुक्त पाई गई है।

## खेती की तैयारी एवं बीज की मात्रा एवं बीजारोपण –

सीधे बीज से अशवगंधा की बुआई हेतु 4-5 किलों बीज प्रति एकड़ की दर से तैयार खेत में भारी वर्षा के उपरान्त छिड़काव विधि से बोये जाते हैं। वैसे इसकी बिजाई जुलाई माह के बाद सितम्बर माह में की जा सकती है। बिजाई से पूर्व दो ट्राली गोबर अथवा कम्पोस्ट खाद प्रति एकड़ खेत में मिलाना अच्छी फसल के लिए आवष्यक होगा। बीज को बोने से पूर्व उन्हें डायमेथ एम-45 से 3 ग्राम प्रति किलों की दर से उपचारित किया जाता है। बिजाई के 25-30 दिन बाद विरलीकरण कर 150-200 पौधे प्रति वर्ग मीटर रखे जाते है। नर्सरी से पौधे तैयार करके भी रोपण किया जा सकता हैं इस विधि में 2 किलोग्राम बीज को मानसून आने के समय नर्सरी में बोया जाता है। 6-। दिनों में अंकुरण पूर्ण होने के 6 सप्ताह के पष्चात ये पौधे रोपण हेतु तैयार हो जाते है। पौधे 60 से.मी. व 60 सेमी के अन्तर पर लगाये जाते है। बुवाई से पहले 6 किलों नाइट्रोजन एवं 6 किलों स्फुर प्रति एकड़ मिट्टी में मिलाया जाता है।

## सिंचाई :-

इसमें यदि बारिष अच्छी हो जाती है तो सिंचाई की आवष्यकता नहीं रहती है।

## फसल की कटाई –

अशवगंधा की फसल की कटाई इसकी बिजाई के 150 से 1।0 दिन के बाद (दिसम्बर से फरवरी माह तक) की जाती है। फसल की परिपक्वता इसके फलों के लाल होने एवं पत्तियों के सूखने से मालूम होती है परिपक्वता हो जाने पर सम्पूर्ण पौधे को उखाड़ लिया जाता हैं तथा तदोपरांत जड़ों के गुच्छे से 1-2 सेमी. ऊपर से तना अलग कर दिया जाता हैं सुखाने की सुविधा हेतु जड़ों को । से 10 सेमी लम्बाई के टुकड़ों में काट लिया जाता है तथा जड़ों की ग्रेडिंग कर ली जाती है। फलों को सूखे पौधे से तोड़कर उनकी गहाई करके बीज निकाल लिये जाते है। प्रायः अष्वगंधा की फसल से प्रति एकड़ तीन क्विंटल जड़ें तथा 20 से 30 किलोग्राम बीज प्राप्त होता है।

## उपज एवं लाभ–

छः माह की अवधि की अष्वगंधा की खेती पर प्रति एकड़ लगभग 6000/- रू की लागत आती हैं तथा इसके उत्पादों से लगभग 20000/- की प्राप्तियां होती है। यदि खेती कार्बनिक पद्वति से की जाए तो फसल की 30 प्रतिषत अधिक कीमत मिल सकती है।

अष्वगंधा एक बहुउपयोगी औषधीय फसल है जिसे कृषक वर्ग व्यवसायिक खेती के रूप में अपनाकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकता है।



# सर्पगन्धा की खेती



सर्पगन्धा एक अत्यन्त उपयोगी पौधा है। यह ।5 सेमी से 1 मीटर ऊचाई तक बढता है। इसकी जडे सर्पिल तथा 0.5 से 2.5 सेमी व्यास तक होती हैं तथा 40 से 60 सेमी गहराई तक जमीन में जाती हैं। इसपर अप्रैल से नवम्बर तक लाल सफेद फूल गुच्छो मे लगते है। सर्पगंधा की जडों मे बहुत से एल्कलाईडस पाए जाते है जिनका प्रयोग रक्तचाप, अनिद्रा, उन्माद, हिस्टीरिया आदि रोगों के उपचार में होता है। इसका उपयोगी भाग जडें ही है। सर्पगंधा 18 माह की फसल है। इसे बलुई दोमट से लेकर काली मिट्टी मे उगाया जा सकता है।

## उगाने के लिए खेत की तैयारी–

जडों की अच्छी वृद्धि के लिए मई माह में खेत की गहरी जुताई करें तथा खेत को कुछ समय के लिए खाली छोड दें। पहली वर्षा के बाद खेत में 10-15 गाडी प्रति हैक्टेयर के हिसाब से गोबर की डालकर फिर से जुताई कर दें। पटेला से खेत एकसार करने के बाद उचित नाप की क्यारियॉ तथा पानी देने के लिए नालियां बना दें। सर्पगंधा को बीजों के द्वारा अथवा जड, स्टम्प या तने की कटिगं द्वारा उगाया जाता है। सामान्य पी एच वाली जमीन से अच्छी उपज प्राप्त होती है।

## बीज द्वारा बुआई –

अच्छे जीवित बीजों को छिटक कर बाया जा सकता है। अच्छे बीजों के चुनाव के लिए उन्हें पानी में भिगो कर भरी बीज (जो पानी में बैठ जाऐं) तथा हल्के बीजों को अलग कर दिया जाता है। भारी बीजों को बोने के लिए 24 घंटे बाद प्रयोग करते हैं। सर्पगंधा के 30 से 40 प्रतिशत बीज ही उगते हैं इसलिए एक हैक?टेयर मे करीब 6-8 किलो बीज की आवश्यकता होती है। इसका बीज काफी महंगा होता है अत- पहले नर्सरी बनाकर पौध तैयार करना चाहिए। इसके लिए मई के पहले सप्ताह मे 10 गुणा 10 मीटर की क्यारीयों मे पकी गोबर की खाद डालकर छायादार स?थान पर पौध तैयार करनी चाहिए। बीजों को 2 से 3 सेमी जमीन के नीचे लगाकर पानी लगाते हैं। 20 स 40 दिन के अन्दर बीज उपजना शुरू हो जाते है। मध्य जुलाई मे पौधे खेतो में रोपण के लिए तैयार हो जाते हैं।

## जडों द्वारा बुआई–

लगभग 5 सेमी जड कटिंग को फार्म खाद (FYM) मिट्टी व रेत मिलाकर बनाई गई क्यारियों में बसंत ऋतू में लगायी जाती हैं इसे उच्ति मात्रा में पानी लगा कर नम रखा जाता है। जीन सप्ताह में जडों से किल्लै फूटने लगते हैं। इनको 45x30 सेमी दूरी पर रोपित किया जाता है। एक हैक्टेयर के लिए लगभग 100 किग्रा जड कटिंग की आवश्यकता होती है।

## तने द्वारा बुआई–

तना कटिंग 15 से 22 सेमी को जून माह में नर्सरी में लगाते हैं। जब जडें व पत्तियां निकल आए तथा उनमें अच्छी वृद्धि होने लगे तो कटिंग को निकालकर खेतों में लगाया जा सकता है।

## खाद तथा सिचाई–

करीब 20 से 25 टन कम्पोस्ट खाद प्रति हैक्टेयर से अच्छी उपज प्राप्त होती है। वर्षा के दिनों में कम पानी तथा गर्मियों में 20 से 30 दिन के अन्तर से पानी लगाना चाहिए।

## फसल प्रबन्धन–

सर्पगंधा की फसल 18 महीने में तैयार हो जाती है। जडों को सावधानी से खोदकर निकाला जाता है। बडी व मोटी जडों को अलग तथा पतली जडों को अलग करतें हैं तथा पानी से धोकर मिट्टी साफ करनी चाहिए। फिर 12 से 15 सेंमी के टुकडे काटकर सुखा दें। सूखी जडों को पॉलिथीन की थैलियों में सुरक्षित रखा जाता है।

## उपज व आय–

अन्दाजन एक एकड से ।-9 क्विंटल शुष्क जडें प्राप्त हो जाती है। सूखी जडों का बाजार भाव लगभग 150 रूपये प्रति किलो है। चूकि यह जगलों से तेजी से विलुप्त हो रही है तथा इसका प्रयोग बढ रहा है अत- इसके बाजार भाव में लगातार तेजी की उम्मीद है।



# अमरुद म्लानी (विल्ट) की रोकथाम के समन्वित रोग एवं कीट प्रबंधन

अमरुद उष्ण- उपोष्णकटिबंधीय देशो की एक महत्वपूर्ण फल फसल है। अमरूद अक्सर कटिबंधों के सेब के रूप में जाना जाता है। यह उष्णकटिबंधीय अमेरिका का मूल निवासी है और भारत में देशीयकृत हुआ है। यह व्यावसायिक रूप से भारत , चीन , इंडोनेशिया , दक्षिण अफ्रीका , फ्लोरिडा , हवाई, मिस्त्र , यमन , ब्राजील , मेक्सिको , कोलंबिया , वेस्टइंडीज , क्यूबा , वेनेजुएला , न्यूजीलैंड , फिलीपींस , वियतनाम और थाईलैंड में मुख्य फसल है और इसकी वजह साल भर उपलब्धता, उच्च पोषण सतर, औषधीय मूल्य , और वहन करने योग्य कीमत , परिवहन , हैंडलिंग आदि है। यह भारत के लगभग सभी राज्यों में उगाया जाता है। भारतीय अमरूद की सभी किस्मे एक ही जाती से है जो की गुअजावा है। अमरूद अक्सर अमीर फल के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसके बीज ओमेगा 3 और ओमेगा 6 संतृप्त फैटी एसिड से भरपूर है। विशेष रूप से फल में रेशे साथ ही विटामिन ए और सी पाया जाता है। यह पोटेशियम, मैग्नीशियम, आवश्यक पोषक तत्वों से अभिग्रहित है साथ ही कैरोटीन, पोलीफीनोल, एंटीओक्सिडेंट का भी अच्छा स्त्रोत है। अमरुद की तीन फसले आती है पर सर्दियों की सबसे अच्छी फसल मानी जाती है, लेकिन बहुत से लोग इसे ठंडी तासीर का समझ कर इसका सेवन नहीं करते है जबकि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढानें में मदद करता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से सामान्य मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है यह विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है जो की सफ़ेद रक्त कणों को तेजी से संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इस तरह हमारी प्रतिरोधक क्षमता में कई गुना वृद्धि हो जाती है। इसमें फाइबर का भी प्रचुर भंडार है। यह कोलेस्ट्रोल से मदद करता है साथ ही दिल के रोगों से बचाव करता है। विटामिन ए कीटाणु को रोक कर शरीर में प्रवेश करने से पहले ही खत्म कर देता है इसमें मोजूद लायकोपिन सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है तथा त्वचा कैंसर से सूरक्षा करता है। प्राकृतिक अवस्था में खाना सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है सुबह के समय इसे पीना भी काफी लाभकारी होता है। बहुत सारे आर्थिक और स्वास्थ्य लाभ होते हुए भी बहुत सारी ऐसी समस्या है जो अमरुद के विकास में अवरोध पैदा करती है। यह बहुत कम देखभाल के भी आसानी से लग जाता है। पर बहुत सी बीमारियों से



प्रभावित होता है जिनमे से कवक का प्रमुख योगदान है।

**रोग एवं कीट नियंत्रण** – अमरुद की फसल को कई रोग हानि पहुंचाते है जिनमे म्लानी रोग, तना केकर, एनेथ्रकनोज, स्कैब, फल विगलन, फल चिती तथा पोध अंगमारी प्रमुख है। अमरुद में लगने वाले विभिन्न कीड़ो में तना वेधक कीट, अमरुद की छाल भचछी इल्ली, स्केल कीट तथा फल मक्खी आदि प्रमुख है। अतः सभी की रोकथाम आवश्यक है। अमरुद में बरसात की फसल में फल मक्खी भी बहुत नुकसान पहुंचाती है। इसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले मक्खी से सदुषित फलो को एक जगह करके नष्ट करे। पेड़ो के बेसिन की जुताई करे तथा मिथाइल उजिनोल के 8-10 ट्रैप को( 100 मी. ली घोल में 0.1 प्रतिशत मिथाइल उजिनोल तथा 0.1 प्रतिशत मेलाथीओंन) प्रति हेक्टयर पर पेड़ो की डालियों पर 5-6 फीट ऊंचे लटका दे। यह बहुत ही प्रभावी तकनीक है साथ ही इस घोल को प्रति सप्ताह बदलते रहना चाहिए।

**विल्ट** – विल्ट एक बहुत ही नुकसान करने वाली बीमारी है7 यह भारत में सबसे पहले इलाहाबाद में 1935 में अवलोकित हुई7 यह एक मिट्टी जनित रोग है और इसका नियंत्रित करना बहुत ही मुश्किल है। यह फुसरियम ओकसिस्पोरुम से होता है। इसके आलावा और भी कई जातिया है जैसे फुसरियम सोलानी आदि। इस रोग से पूरी तरह पादप प्रभावित होता है और मर जाता है। यह वार्षिक और बहुवार्षिक दोनों ही फसलो को नुकसान पहुचाता है। इस रोग की वजह से भारत में इसे लगाने में चिंता का विषय है साथ ही इससे होने वाली आय और पोषकता को भी नुकसान है। सन 1947 में यह उत्तरप्रदेश के ग्यारह जिलो में व्यापक तोर से पाई गयी। उसके बाद बंगाल, हरियाणा, पंजाब राजस्थान, झारखंड, आँध्रप्रदेश में पाई गयी। इसी तरह यह अमेरिका, ताईवान, अफ्रीका,पाकिस्तान,बांग्लादेश,



ब्राज़ील ऑस्ट्रेलिया आदि देशो में भी अवलोकित हुई। सिंह और लाल के अनुसार उत्तरप्रदेश के बारह जिलो में हर साल यह 5-15 प्रतिशत तक नुकसान पहुचाते पाई गयी। पश्चिम बंगाल में अस्सी प्रतिशत तक नुकसान पाया गया भारतीय अमरूद की सभी किस्मों एक ही जाती से है जो की गुअजावा है।

**लक्षण** – विल्ट से प्रभावित पादप की पतिया पीली होने लगती है। साथ ही किनारे वाली पतिया अन्दर की तरफ से मुड़ने लगती है। अंत में यह लाल होकर झड़ने लगती है। टहनियों में कोई भी पत्ती दिखाई नयी देती और यह सूखने लगती है। ऐसी टहनियों पर लगे फल अविकसित रह जाते है और काले रंग के होने लगते है साथ ही कठोर भी हो जातें है और पूरी तरह इस प्रक्रिया में सोलह दिन लग जाते है, आखिर में पोधा मर जाता है। बहुत से अनुसंधानकर्ता ने इस रोग के लक्षणों में मौसम के हिसाब से असमानता देखी है। जड़ो पर भी इसका असर देखने को मिलता है। जड़ो के आधार भागों पर गलन शुरू हो जाती है और काले रंग की धारियाँ भी बनने लगती है। यह नए और पुराने दोनों तरह के पोधो पे असर करती है, पर पुराना बाग अधिक प्रभावित होता है। नयी पोध में वर्धि धीमी हो जाती है। फूल यदा कदा बहुत ही कम आते है और बहुत ही कम समय में सुखा इसे जकड लेता है।

**रोकथाम – समन्वित विधि**

रोग की बाग की अच्छी स्वछता से भी रोकथाम की जा सकती है। सूखे पेड़ो को जड़ सहित उखाड़ देना चाहिए एवं जला कर गाड़ देना चाहिए। पोध रोपण के समय यह धयान देना चाहिए की जड़ो को नुकसान न पहुंचे। गड्ढों को फोर्मेलिन से उपचार करना चाहिए और तीन दिन के लिए ढक देना चाहिए और पोध रोपण इसके दो हफ्ते बाद करना चाहिए। चूँकि यह मिटटी जनित रोग है इसलिए भूमि में ब्रसिकोल एवं बाविस्टीन (0.1त्न) जड़ो और पत्तियों के चारो और पन्द्रह दिन के अन्तराल पर डालना चाहिए। कर्बिनिक खाद , खली, चुना आदि भी रोग को रोकने में सहायक होते है। जैवकारक जैसे एसपेर्जिल्लुस नाइजर ए.?न. 1।, प्रतिरोधी मूलवरन्त, गेंदा की फसल को साथ में प्रयोग में लाया जा सकता है। ताइवान में एक लोकल किस्म पेई-पा पहचानी गयी है। इसके अलावा सिडियम कत्तेलिअनुम किस्म लुसिदियम साथ ही जामुन इसी तरह चाइनीज़ और फिल्लिपेनेस मूलवरन्त को प्रयोग में लाया जा सकता है। रसायनिक नियंत्रण की जगह अगर प्राकृतिक कवकनाशी प्रयोग में लाये तो ज्यादा अच्छा होगा क्योंकि रसायनों के अवशेष भी रह जाते है साथ ही कवको में प्रतिरोधिता विकसित होने लगती है। जिनसे इनका असर कम हो जाता है लैंटाना, नीम, तुलसी, इसबगोल, धतूरा, हल्दी, आक आदि रोगकारक को कुछ हद तक रोकने में कारगार सिद्ध हुए है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीमियर लीग मैनचेस्टर सिटी ने जीता लगातार चौथा ईपीएल खिताब, कुल आठवीं बार जीती ट्रॉफी

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** 91 अंक के साथ सिटी पहले स्थान पर रही जबकि आर्सेनल के 89 अंक रहे और वह दूसरे स्थान पर रहा। उसने एवर्टन को 2-1 से पराजित किया। सिटी पहली टीम बन गई जिसने लगातार चार बार ईपीएल की ट्रॉफी जीती है। सिटी का यह सात सत्रों में छठा ईपीएल खिताब है। सिटी के कोच पेप गॉर्डियोला की टीम को यह खिताब पक्का करने के लिए वेस्ट हेम को हराना जरूरी था।

### कोच क्लोप की जीत से विदाई

जुर्जेन क्लोप ने लिवरपूल के लिए कोच के तौर पर अपना आखिरी मैच खेला और टीम ने उन्हें जीत से विदाई दी। लिवरपूल ने वोल्व्स को 2-0 से हराया।

### दीप्ति ने विश्व पैरा चैम्पियनशिप में 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था।

तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

### मनु बनीं ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर, आठ में से चार बार जीतीं, दो इवेंट में चुनी जाएंगी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** मनु भाकर ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर बनकर उभरी हैं। हरियाणा की इस शूटर ने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल के कुल आठ में से चार ट्रायल में जीत हासिल की। मनु दोनों ही इवेंट में पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी जाने वाली टीम में शीर्ष पर हैं। राइफल और पिस्टल इवेंट के ट्रायल में बड़ा झटका ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले शूटरों को लगा है। कुल आठ इवेंट (10 मीटर एयर राइफल, पिस्टल, 50 मीटर थ्री पोजीशन (पुरुष, महिला), 25 मीटर पिस्टल महिला, 25 मीटर रैपिड फायर पुरुष) के लिए शीर्ष दो स्थान पर रहकर 15 शूटरों ने ओलंपिक टीम के लिए दावा जताया है। इन 15 शूटरों में सिर्फ सात शूटर ऐसे हैं, जिन्होंने ओलंपिक कोटा देश को दिलाया था।

#### एलावेनिल विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीतीं

मनु 15 शूटरों में एकमात्र ऐसी शूटर हैं, जिन्होंने दो इवेंट के लिए ओलंपिक ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 240.8 का स्कोर कर जीत हासिल की।

पेरिस पैरालंपिक

# पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट्स का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास एल वाई ने पेरिस में होने वाले पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सुकांत पहली बार पैरालंपिक में भाग लेंगे। वह पुरुषों की एससल-4 श्रेणी में हिस्सा लेंगे। उनके अलावा तरुण और सुहास एलवाई ने भी एसएस-4 श्रेणी के लिए टिकट हासिल किया है। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। एसएल-3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल 6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया।

पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं। कदम ने कहा,'यह मेरे लिए सपने का साकार होने जैसा है। मैंने पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह सपने का अंत नहीं है। मैं इस सपने का अंत पदक जीतकर और भारत को गौरवान्वित करके करना चाहूंगा।' वह इस समय बहरीन में पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

### सुहास-सुकांत ने किया क्वालिफाई



#### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन के नतीजे

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को जापान के कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला।

निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे।

टी47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया। टी 35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है।

दीप्ति जीवनजी ने महिला टी20 400 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 56.18 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय से अपनी हीट रेस जीती। चीन 26 पदक के साथ तीसरे दिन तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम अभी 29वें स्थान पर है। चैंपियनशिप 25 मई तक चलेगी।

## इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब



● इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया।

**रोम, एजेंसी।** लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंज़ल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया।

इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंज़ल डमफ्रिज़ ने किया। एक राउंड शेष रहते इंटर ने 93 अंक अर्जित कर लिए हैं, जबकि लाजियो ने सातवां स्थान हासिल किया।

# विराट कोहली ने क्रिस गेल को जर्सी गिफ्ट दी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने क्रिस गेल से अगले साल इंम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आईपीएल में वापस आकर खेलने का अनुरोध किया। उन्हें आरसीबी की जर्सी भी भेंट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

दरअसल 18 मई को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन को हरा कर प्ले ऑफ में पहुंचा। मैच के बाद आरसीबी से खेल चुके पूर्व खिलाड़ी क्रिस गेल टीम का हौसला अफजाई करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। गेल आईपीएल से रिटायरमेंट ले चुके हैं और वह अभी रिटायर खिलाड़ियों के लीग में खेलते हैं।

विराट गेल से हंसते हुए कहते हैं कि काका अगले साल वापसी करना, इम्पैक्ट प्लेयर नियम अभी चालू है। अब आपको फील्डिंग करने की जरूरत नहीं है, यह आपके लिए डिजाइन किया गया है। वहीं गेल ने विराट से कहा इस सीजन में मैक्सिसम छक्के, हां, गेल ने पूछा कितना? 37 कोहली ने जवाब दिया।

#### कोहली आईपीएल में इस सीजन टॉप स्कोरर हैं

कोहली इस सीजन आईपीएल टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने अब तक खेले 14 मैचों में 155.60 की स्ट्राइक रेट से 708 रन बनाए हैं। जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं उन्होंने 59 चौके और 37 छक्के भी जड़े हैं।

#### आरसीबी एलिमिनेटर में राजस्थान से भिड़ेगा

आरसीबी पॉइंट टेबल में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। आईपीएल के लीग राउंड के 14 मैचों में से उसे 7 मैचों में जीत और 7 मैचों में हार मिली है।

आरसीबी 9 वीं बार प्ले ऑफ में पहुंचा है। आरसीबी अब ट्रॉफी नहीं जीती है। बेंगलुरु बुधवार को एलिमिनेटर में तीसरे स्थान पर रहने वाली राजस्थान के साथ खेलेगी। राजस्थान 17 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर है।

# टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे ये दो आक्रामक बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 22 वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल प्लेऑफ खेलने के बाद टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पांच जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।



## व्यापार

# फ्लाइट में केबिन बैगेज से चुराए एक करोड़ रुपये से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक शख्स ने फ्लाइट में यात्रियों के सामान से एक करोड़ से भी ज्यादा रुपयों की चोरी की है। यह शख्स चोरी के खासतौर पर ऐसे बुजुर्गों को निशाना बनाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और फ्लाइट में पहले चढ़ने की परमीशन दी जाती थी। इस शख्स का नाम राजेश कपूर है। पहाड़गंज निवासी राजेश कपूर अलग-अलग भारतीय फ्लाइट्स में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। राजेश चोरी करने के लिए ऐसे बुजुर्गों के साथ विमान में चढ़ जाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और उन्हें पहले चढ़ने की अनुमति मिली होती थी। राजेश फ्लाइट में चढ़ जाता और जब वह अपनी सीट पर सामान रखने में लगे होते थे, तभी वह जल्दी से उनका सामान खोलकर कीमती चीजें चुरा लेता था। ऐसा उसने कई बार किया और लाखों रुपयों का सामान चुरा लिया। अब वह पकड़ में आया है। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि वह करीब 200 फ्लाइट्स में यात्रा कर चुका है। चोरी के लिए उसने कई बार अपने मृत भाइयों के पहचान पत्र और फोन नंबर का इस्तेमाल किया था। राजेश कपूर 11 अप्रैल तक अलग-अलग उड़ानों में ऐसे ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस दौरान हैदराबाद से दिल्ली जा रही एक महिला ने पुलिस से शिकायत की कि उसके हैंडबैग से 7 लाख रुपये के गहने चोरी हो गए हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जांच की। इससे पहले 2 फरवरी को एक दूसरे यात्री ने भी पुलिस में शिकायत की थी कि उसका 20 लाख रुपये के कीमती सामान गायब हो गए हैं। पुलिस ने जांच के बाद उसे 13 मई को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस एयरपोर्ट सुरक्षा कैमरों, एयरलाइन डेटा और कॉल रिकॉर्ड की मदद से उसे पकड़ने में कामयाब रही है।

## चीन ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों से आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में डाल दिया और कहा कि उसने ताइवान को हथियार बेचे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

## रजनीश कुमार और मोहनदास पई बायजू की सलाहकार समिति से हटे, संस्थापक रविंद्रन ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार और इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी मोहनदास पई ने थिंक एंड लर्न के संस्थापकों के साथ चर्चा के बाद कंपनी के सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है।

बायजू के ब्रांड के मालिक थिंक एंड लर्न के संस्थापक रवींद्रन बायजू ने कंपनी के पुनरुद्धार में देरी के लिए कुछ विदेशी निवेशकों को दोषी ठहराया। उनके रवैये के कारण कंपनी को पुनर्गठन से जुड़ी दिक्कतों, वित्तीय परिणामों में देरी और 200 मिलियन डॉलर शेयर बेचने से मना करने के कारण लिक्विडिटी संकट का सामना करना पड़ा।थिंक एंड लर्न ने जुलाई 2023 में एडटेक फर्म को संकट से बाहर आने और शासन में सुधार करने के लिए सलाह देने के उद्देश्य से सलाहकार परिषद का गठन किया। कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा, सलाहकार के रूप में कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक वर्ष के लिए निश्चित अवधि के आधार पर होता है। संस्थापकों के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह पारस्परिक रूप से निर्णय लिया गया कि सलाहकार परिषद का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि औपचारिक जुड़ाव समाप्त हो गया है, संस्थापक और कंपनी हमेशा किसी भी सलाह के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम संस्थापकों और कंपनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# दुनियाभर में सोने की कीमत में काफी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। पिछले महीने यह रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था लेकिन उसके बाद इसमें कुछ नरमी आई है। सवाल उठता है कि अगर अमेरिका के फेड रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती करना शुरू किया तो इसका सोने की कीमत पर क्या असर होगा ऐतिहासिक रूप से देखें तो फेड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद 24 महीने तक सोने की कीमत में काफी तेजी देखी गई है। मसलन 2018-20 में सोने की कीमत में करीब 50 फीसदी तेजी आई थी। इसी तरह 2006-08 में गोल्ड 55 फीसदी उछल गया था। इस बार फेड रिजर्व ने अंतिम बार जुलाई 2023 में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी। उसके बाद से सोने की कीमत में 21 फीसदी तेजी आई है। अगर इतिहास को देखें तो सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है।



एमसीएक्स एक्सचेंज पर कल यानी शुक्रवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ है। सोने में कल सुबह से तेजी देखने को मिली थी। सोना आज सुबह बढ़त के साथ खुला था। वहीं कल 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना उछलकर 74,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ है। सोने की वैश्विक कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 3.34 फीसदी या 31.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,317.40 डॉलर प्रति औंस पर है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव बढ़कर 2,224.44 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुकी है। इस साल अब तक, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें लगभग 20 प्रतिशत करीब 2,390 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई हैं। पिछले महीने कुछ समय के लिए इसकी कीमत 2,400 डॉलर के स्तर को भी पार कर गई थी, जो इसका अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। दुनिया के कई प्रमुख केंद्रीय बैंकों में सोना खरीदने की होड़ मची है। इसमें चीन, भारत और रूस शामिल हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब अमेरिका ने रूस की डॉलर वाली एसेट्स को फ्रीज किया तो वैश्विक निवेशकों का डॉलर पर भरोसा डगमगा गया।



## लायंसगेट इंडिया के अगले प्रोजेक्ट में विलेन के रूप में नजर आएंगे जुगल हंसराज

शेखर कपूर निर्देशित फिल्म मासूम में अपने मर्मस्पर्शी अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाले बाल कलाकार जुगल हंसराज ने जवानी के दिनों में कुछ फिल्मों में नायक की भूमिकाएँ अभिनीत की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। सिनेमाई चमक से दूर रहते हुए उन्होंने दूसरे कामों में हाथ आजमाया और सफलता प्राप्त की। अब एक बार फिर से वे सिनेमाई परदे पर लौट रहे हैं। लेकिन इस बार वे नायक नहीं अपितु खलनायक बनकर दर्शकों के सामने आ रहे हैं। लायंसगेट इंडिया द्वारा निर्मित फिल्म में वे सुनील शेट्टी और पूजा भट्ट के साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। इस लुक में जुगल को देखने के बाद लोग उन्हें पहचान नहीं पा रहे हैं। इस थ्रिलर प्रोजेक्ट के मेकर्स लायंसगेट इंडिया ने इंस्टाग्राम पर जुगल हंसराज का फर्स्ट लुक शेयर किया है। तस्वीर में जुगल बेहद खूंखार विलेन के रूप में नजर आ रहे हैं, वह इतने अलग दिख रहे हैं कि उनके फैंस के लिए उन्हें पहली नजर में पहचानना भी मुश्किल होगा। तस्वीर में जुगल बढ़े हुए बाल और दाढ़ी के साथ दिख रहे हैं। ग्रे बाल और सफेद दाढ़ी के साथ वह किसी शातिर इंसान की तरह तिरछी नजर से देख रहे हैं। उनके पास कई सारे औजार रखे हैं, जिसे देख ऐसा लग रहा है, वो कोई प्रयोग कर रहे हैं। बता दें कि इस प्रोजेक्ट में जुगल हंसराज के साथ ही सुनील शेट्टी और पूजा भट्ट लीड रोल में नजर आएंगे। इस नए प्रोजेक्ट्स से जुगल की तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनके फैंस बेहद खुश हैं और उनके लुक पर हैरानी जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं आपको ऐसे देखने के लिए बहुत ही एक्साइटेड हूं। दूसरे ने लिखा चॉकलेटी बॉय जुगल इस रोल में छा जाएंगे।



## फुकरे का अगला पार्ट आया तो, भोली पंजाबन अब पॉलिटिकल एम्बिशन नहीं रखेगी

**'फुकरे 3' का टीवी पर प्रीमियर होने जा रहा है। इसके निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा हैं। फिल्म ने थिएटर्स में 128.37 करोड़ की कमाई की। मेकर्स और एक्टर्स का कहना है कि उनकी ये कॉमेडी किस्त पिछली दो फिल्मों से अधिक ग्रैंड बनाई गई थी। इसे लेकर ऋचा ने खास बातचीत की।**

अली फजल को आप लोगों ने कितना मिस किया था पूरे शूट के दौरान?

मिस तो किया पर आखिर में वह कुछ देर के लिए आ ही जाते हैं। बाकी मैं तो उनके साथ ही रहती हूं तो मुझे तो ज्यादा मिस जैसा फील नहीं हुआ।

**भोली के किरदार के सॉफ्ट कॉर्नर को क्या मेकर्स और खुलकर नहीं दिखा सकते?**

आई थिंक इस बार के पार्ट में भोली पिट भी रही थी, चूचे (वरुण शर्मा) के साथ खुश भी थी। तो ये एक तरह से मेरे किरदार के सॉफ्ट कॉर्नर का एक्सपोजिशन ही है। अगर वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट होगी तो भोली, भोली नहीं रहेगी। स्क्रिप्ट में जो खुराफात का एलिमेंट है वह उसी से आता है। तो वह भी हमें मेंटेन रखना है। इसलिए मुझे लगता है कि भोली के सॉफ्ट होने की कुछ हदें हैं उससे ज्यादा वह नरम दिल नहीं हो सकती।

**'फुकरे' सीरीज में आपके किरदार को और कॉमिक बनाने की कभी चर्चा नहीं हुई निर्देशक या राइटर से?**

मुझे तो लगता है कि मेरा किरदार कॉमिक रहा है। हर किसी की कॉमेडी की अपनी शैली होती है। वरुण का किरदार फिजिकल कॉमेडी करता है। जो उसकी मेंटल एज है उसके हिसाब से कॉमेडी करता है। सरदार जी बना मनजोत व्यंग्यात्मक कॉमेडी करता है। तो ये भी कह सकते हैं कि वह कॉमेडी नहीं करते सिर्फ दूसरों को ताने मारते हैं। मुझे तो अपना किरदार पूरा कॉमिक लगता है। मेरे डायलॉग्स में कॉमेडी का एक अलग अंदाज झलकता है। जैसे- मनजोत से मैं कहती हूं.....ओए तू बिल्ले का लड़का है न।

**भोली पंजाबन का किरदार आगे और किस पायदान तक पहुंचना चाहती है?**

इस पार्ट में तो वह जल संसाधन मंत्री बनते-बनते रह गई। चूचा जीतने वाला था। उस पर तीसरा कोई बाजी मार लेता है। अगर अगला पार्ट आता है तो भोली अब पॉलिटिकल एम्बिशन तो नहीं रखेगी, क्योंकि उसने वह इसी पार्ट में त्याग दिया है। हो सकता है कि वह अब और एविल चीज सोचेगी कि कैसे पैसे कमाए जाएं। उसका हमेशा से यही गोल होता है कि 10 हजार लगाए तो 25 हजार कैसे कमाए।

**हाल के वर्षों में आपने कई वुमन सेंट्रिक प्रोजेक्ट किए। क्या यह इरादतन था?**

हर एक्ट्रेस अपने कॅरिअर में वैरायटी काम चाहती है। आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण और तापसी पन्नू भी वुमन सेंट्रिक फिल्में करती आई हैं। कहीं न कहीं सब हीरोइंस चाहती हैं कि उन्हें किसी बड़ी लव स्टोरी में काम करने को मिले। ऐसे फिल्में पसंद भी की जाती हैं। पर जब बायोपिक टाइप की फिल्में होती हैं, जैसे मैंने 'मैडम चीफ मिनिस्टर' की थी। ऐसी पूरी आप के कंधों पर बेस्ड फिल्में मिलती हैं तो एक जिम्मेदारी महसूस होती है। बड़ा चैलेंज और बड़ा मौका होता है। आई थिंक इसीलिए एक्ट्रेसेज चाहती हैं दूसरी अन्य फिल्मों के साथ फुल फ्लेज्ड रोल वाली फिल्में भी करें। जिसमें पूरी स्टोरी उनके आस-पास हो।



## आसान नहीं रही प्रतिभा रांटा की राह, काम पाने की चाहत में एक्टर्स को मैसेज करती थीं

**एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा फिल्म 'लापता लेडीज' में बेहतरीन एक्टिंग से अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हो चुकी हैं। 'लापता लेडीज' के अलावा प्रतिभा ने हाल ही में रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' में भी सराहनीय काम किया है। इस सीरीज में भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम रहा हो, लेकिन अपनी अदाकारी से वो दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं।**

हिमाचल प्रदेश की रहने वाली प्रतिभा रांटा को बचपन से ही पता था कि उन्होंने क्या करना है। उन्होंने एक्ट्रेस बनने का सपना बचपन में ही देख लिया था। बचपन में प्रतिभा को सभी प्रीती जिंटा कहकर बुलाया करते थे। दरअसल, प्रीति जिंटा और प्रतिभा दोनों ही शिमला से हैं। इतना ही नहीं दोनों ने एक ही स्कूल से पढ़ाई की है। प्रतिभा का मानना है कि उनकी किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बनने का इशारा बचपन से ही दे दिया था।

### 'हीरामंडी' में कैसे मिला काम

प्रतिभा से जब पूछा गया कि क्या 'हीरामंडी' में काम मिलने के पीछे कोई कहानी है? इस पर प्रतिभा ने कहा- मैंने 'लापता लेडीज' की शूटिंग पूरी कर ली थी। इसके बाद मैं कोई भी काम नहीं कर सकती थी। इसलिए मैंने सही काम का इंतजार किया। जब 'हीरामंडी' का ऑफर आया तो मैंने एक्सेप्ट कर लिया, क्योंकि संजय लीला भंसाली के साथ काम करना हर एक्ट्रेस का सपना होता है।

### प्रतिभा की वजह से 'लापता लेडीज' का शूट हुआ था पोस्टपोन

प्रतिभा उन दिनों टीवी शो 'आधा इश्क' कर रही थीं, इसी बीच उन्होंने 'लापता लेडीज' के लिए ऑडिशन दिया था। जब उन्हें इस फिल्म में काम मिला, तो फिल्म की शूटिंग जल्द ही स्टार्ट होने वाली थी, लेकिन प्रतिभा अपना शूट पूरा किए बिना शो छोड़ नहीं सकती थीं। उन्होंने जब ये प्रॉब्लम किरण राव को बताई, तो उन्होंने प्रतिभा के लिए फिल्म की शूटिंग को पोस्टपोन कर दिया था।

### इंस्टाग्राम पर एक्टर्स को मैसेज किया करती थीं प्रतिभा

प्रतिभा ने कहा, मैं अपने काम में बहुत स्मार्ट थी। मुंबई आने के बाद इंस्टाग्राम पर वे उन सभी लोगों को फॉलो रिक्वेस्ट भेजा करती थीं, जिनके बायो में एक्टर लिखा होता था। उनकी हेल्प लेती थीं और शिमला से आई मासूम लड़की समझकर सभी प्रतिभा की मदद कर देते थे। प्रतिभा की मेहनत रंग लाई और उन्हें 6 महीने तक लगातार ऑडिशन देने के बाद टीवी शो 'कुर्बान हुआ' में बतौर लीड एक्ट्रेस काम मिल गया। ये प्रतिभा का पहला शो था, इससे उन्हें थोड़ी पहचान मिली।

### नेपोटिज्म पर बोलीं प्रतिभा

स्टारकिड्स और नेपोटिज्म पर सवाल किए जाने पर प्रतिभा ने कहा कि वो किस्मत में विश्वास करती हैं। उनका मानना है कि जो जिसके हिस्से में लिखा गया है, वो उसे ही मिलता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा- 'लापता लेडीज' में मुझे जया का रोल मिला। वो मेरी किस्मत में ही था, वो मुझसे कोई छीन नहीं सकता था, क्योंकि जया के रोल के लिए वो लोग कब से ऑडिशन कर रहे थे। आखिर में वो रोल मुझे ही मिला। इसलिए मैं केवल किस्मत में यकीन करती हूं।



## कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन का इंतजार नहीं कर सकती

कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फिल्म के मुख्य अभिनेता कार्तिक आर्यन के गृहनगर ग्वालियर में किया गया। एक तरफ, जहां दर्शक अभिनेता से आश्चर्यचकित थे। वहीं बी-टाउन दिवा कैटरीना कैफ भी इससे काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने निर्देशक की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के लिए उत्साह व्यक्त किया है। कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन का ट्रेलर देखने वाले लोगों में बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी शामिल थीं। वह इस ट्रेलर से इतनी प्रभावित हुईं कि बिना किसी देरी के उन्होंने निर्देशक कबीर खान के लिए एक सराहना पोस्ट कर कर दिया। इसके अलावा अभिनेत्री ने कार्तिक आर्यन के अभिनय और परफॉर्मेंस की भी जमकर तारीफ की है। कटरीना कैफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का ट्रेलर दोबारा पोस्ट किया। उन्होंने इस पर कमेंट करते हुए लिखा, सुपर लुकिंग कबीर खान.. इंतजार नहीं कर सकती।



## प्रभास नहीं, कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करेंगी अनुष्का शेट्टी?

खबर है कि अनुष्का शेट्टी की एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करेंगी और उम्र 42 साल है। एक रिपोर्ट में दावा है कि कि अनुष्का शेट्टी की सगाई हो चुकी है और शादी की डेट भी फिक्स हो चुकी है। अब तक फैंस यह मानकर चल रहे थे कि अनुष्का शेट्टी बेस्ट फ्रेंड प्रभास को डेट कर रही हैं। बाहुबली की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी को लेकर जो खबर आई है, उससे फैंस को झटका लग सकता है। खासकर, उन फैंस को जो प्रभास के साथ उनकी शादी का सपना देख रहे हैं। दरअसल, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अनुष्का शेट्टी एक्टर प्रभास से नहीं बल्कि एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अनुष्का शेट्टी की प्रोड्यूसर से सगाई भी हो चुकी है। शादी इस साल के आखिर तक हो जाएगी। यह खबर वाकई प्रभास-अनुष्का के फैंस का दिल तोड़ने वाली है।



## ओम शांति ओम के वक्त इम्प्रोवाइजेशन करते थे श्रेयस तलपड़े

एक्टर श्रेयस तलपड़े ने फिल्म ओम शांति ओम से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। श्रेयस ने कहा कि शूटिंग के दौरान वे और शाहरुख खूब इम्प्रोवाइजेशन करते थे। श्रेयस ने कहा कि वे इम्प्रोवाइजेशन करना पसंद करते थे, इसलिए ओम शांति ओम की शूटिंग के वक्त अक्सर ऐसा कर देते थे। उन्होंने शाहरुख को भी अपना यह आइडिया शेयर किया था। शाहरुख भी श्रेयस की तरह इम्प्रोवाइज करने लगे थे। हालांकि यह सब फिल्म की डायरेक्टर फराह खान को पसंद नहीं आ रहा था। उन्होंने एक दिन सबके सामने श्रेयस और शाहरुख को डांट दिया। बता दें, जब एक्टर स्क्रिप्ट से हट कर खुद से डायलॉग्स बोलने लगता है तो उसे इम्प्रोवाइजेशन कहते हैं।

ओम शांति ओम के वक्त न्यूकमर थे श्रेयस

हार्ट अटैक से उबरने के बाद श्रेयस तलपड़े दोबारा अपनी फिल्मों और प्रमोशन में बिजी हो गए हैं। उन्होंने लहरें से बात करते हुए कहा- फराह ने मुझे फिल्म डोर में देखा था। तब से वो मुझे अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहती थीं। बाद में उन्होंने मुझे ओम शांति ओम में मौका दिया। मैं उस वक्त न्यूकमर था। शाहरुख के साथ काम करने को लेकर नर्वस और एक्साइटेड दोनों था।

फराह ने कहा- जो स्क्रिप्ट में है, वो पढ़ो

श्रेयस ने आगे कहा- मैं हमेशा से इम्प्रोवाइज करने में काफी ज्यादा विश्वास करता था। ओम शांति ओम में भी यही करने की सोची। शाहरुख को बताया तो उन्होंने भी इसमें सहमति दिखाई। वो भी मेरे साथ इम्प्रोवाइज करने लगे। यह सब देख कर फराह का पारा चढ़ गया। उन्होंने हम दोनों को डांटते हुए कहा कि जो स्क्रिप्ट में लिखा है, वही पढ़ो। खुद से डायलॉग्स बोलने की जरूरत नहीं है।

## साउथ इंडस्ट्री में नहीं है बॉलीवुड अभिनेताओं की इज्जत

बॉलीवुड के कलाकारों का साउथ सिनेमा की तरफ रुझान बढ़ता ही दिख रहा है। बी-टाउन के अभिनेता अक्सर साउथ फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाते ही नजर आते है। अरबाज भी अपनी आगामी साउथ फिल्म में विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। अब अभिनेता ने बताया है कि साउथ में बॉलीवुड अभिनेता ग्रे शेड रोल में ही क्यों नजर आते हैं। साउथ सिनेमा में बॉलीवुड कलाकारों को नेगेटिव भूमिकाओं में कास्ट करने को लेकर अभिनेता अरबाज ने कहा, 'मैं ज्यादा नहीं बोल सकता पर मुझे लगता है कि जो उत्तर भारत से कलाकार होते हैं, जो मैंने अभी तक देखा है वह अक्सर कैरेक्टर आर्टिस्ट या नेगेटिव रोल में ज्यादा दिखाई देते हैं मुझे नहीं पता कि क्या उन्होंने वहां पर कभी उत्तर भारत के कलाकार के साथ बड़ी फिल्में की हैं। अभिनेता ने आगे कहा, हमने अब तक जितनी भी फिल्में देखी हैं, जिनमें बॉलीवुड कलाकारों ने दक्षिण भारतीय सिनेमा के कलाकार वेंकटेश, कमल हासन, रजनीकांत, चिरंजीवी, नागार्जुन के साथ काम किया है, लेकिन वह कभी मुख्य भूमिका में दिखाई नहीं देते हैं। हमारी अभिनेत्रियों को वहां लीड रोल में कास्ट किया जाता है। उनकी अभिनेत्रियां भी यहां मुख्य भूमिका में कास्ट होती हैं, लेकिन अभिनेताओं के लिए मंजर एकदम अलग है। वर्कफ्रंट की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अरबाज इसी साल दबंग 4 का भी निर्माण करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वे सलमान खान के साथ काम करने वाले हैं

